इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक भाई बुद्धदेव






## भारत शांति के प्रयासों का पक्षधर: एससीओ समिट के दौरान पुतिन से मुलाकात के बाद बोले पीएम मोदी



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिश्केक में SCO समिट के दौरान रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की है. इस मुलाकात में डिफेंस कोऑपरेशन, एनर्जी सप्लाई, ट्रेड टाई, फर्टिलाइजर शिपमेंट और BRICS समिट से पहले जरूरी जियोपॉलिटिकल मुद्दों पर बातचीत हो रही है.

पीएम मोदी ने कहा कि रूसी राष्ट्रपति से मिलकर खुशी हुई. पीएम मोदी बोले, भारत यूक्रेनी मामले में सभी शांतिपूर्ण कोशिशों का सपोर्ट करता है और आगे भी करता रहेगा. भारत सभी समस्याओं को शांति से सुलझाने की वकालत करता है, जो पूरी इंसानियत के लिए ज़रूरी है. सितंबर में नई दिल्ली में BRICS समिट में प्रेसिडेंट पुतिन के आने से रूस और भारत के बीच रिश्ते मजबूत होंगे. रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पीएम मोदी से मुलाकात के बाद भारत और रूस के रिश्ते और व्यापारिक हालात का जिक्र किया. उन्होंने कहा, रूस और भारत के बीच ट्रेड और इकोनॉमिक कोऑपरेशन पॉजिटिव ट्रेंड दिखा रहा है, जिसमें ट्रेड टर्नओवर 2त्न से ज़्यादा बढ़ा है. रूस और भारत के बीच रिश्ते मजबूत हो रहे हैं और इसमें प्राइम मिनिस्टर मोदी का पर्सनल ध्यान मदद कर रहा है. पुतिन ने दोनों देशों के बीच टूरिस्ट एक्सचेंज में बढ़ोतरी पर ध्यान दिया, जो 2025 में 16 प्रतिशत बढ़ जाएगा. इस साल प्रेसिडेंट पुतिन सितंबर में BRICS समिट के लिए नई दिल्ली आने वाले हैं. रूस भारत का एक पुराना और समय की कसौटी पर खरा उतरा पार्टनर रहा है. भारत-रूस संबंधों का विकास भारत की विदेश नीति का एक अहम पिलर रहा है. अक्टूबर 2000 में इंडिया-रूस स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप पर डिक्लेरेशन पर साइन करने के बाद से भारत-रूस संबंधों ने पॉलिटिकल, सिक्योरिटी, डिफेंस, ट्रेड और इकॉनमी, साइंस और टेक्नोलॉजी, कल्चर, और लोगों के बीच संबंधों सहित लगभग सभी क्षेत्रों में सहयोग के बढ़े हुए लेवल के साथ एक क्वालिटी के हिसाब से नया रूप हासिल किया है. MEA के मुताबिक, दिसंबर 2010 में रूस के प्रेसिडेंट के भारत दौरे के दौरान, स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप को स्पेशल और प्रिविलेज्ड स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप के लेवल तक बढ़ा दिया गया था.

## ईरान ने भारत से लगाई युद्ध खत्म कराने की गुहार, राष्ट्रपति पेजेश्कियान ने पीएम मोदी से की अपील



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन (SCO) के 26वें शिखर सम्मेलन के इतर ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इसी साल फरवरी में ईरान और अमेरिका के बीच युद्ध शुरू होने के बाद से दोनों शीर्ष नेताओं के बीच यह पहली आमने-सामने की मुलाकात है। हालांकि, दोनों पक्षों की ओर से अभी तक आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है, जिससे बातचीत के पूर्ण एजेंडे की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन माना जा रहा है कि वैश्विक सप्लाई चेन को प्रभावित करने वाले होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने के मुद्दे पर चर्चा हुई होगी।

### कूटनीति और शांति पर भारत का जोर

फरवरी से ही प्रधानमंत्री मोदी लगातार ईरानी नेतृत्व के संपर्क में बने हुए हैं। उन्होंने हर मंच से यह दोहराया है कि सभी विवादों का समाधान बातचीत और कूटनीति के माध्यम से निकाला जाना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने मध्य पूर्व में स्थिरता बनाए रखने और अंतरराष्ट्रीय सप्लाई चेन में किसी भी प्रकार की बाधा न आने देने की आवश्यकता पर भी जोर दिया है। इससे पहले 30 जून को हुई अपनी आखिरी टेलीफोनिक बातचीत में पीएम मोदी ने क्षेत्र में बढ़ते तनाव पर गहरी चिंता जताई थी और क्षेत्र में शांति व स्थिरता के प्रति भारत की प्रतिबद्धता दोहराई थी। इसके अलावा उन्होंने ईरानी राष्ट्रपति को वहां रह रहे भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए धन्यवाद भी दिया था।

### अमेरिका और ईरान के बीच फिर भड़का संघर्ष

प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति पेजेश्कियन की यह महत्वपूर्ण मुलाकात ठीक उस समय हुई, जब उसके कुछ घंटे पहले ही अमेरिका और ईरान के बीच एक महीने में पहली बार सैन्य टकराव हुआ था। अमेरिकी सेना ने होर्मुज क्षेत्र में बारूदी सुरंग बिछाने से रोकने के लिए लार्कि द्वीप पर ईरानी सेना के रॉकेट लॉन्चरों को निशाना बनाया। इसके जवाब में ईरान ने संयुक्त अरब अमीरात और जॉर्डन में स्थित अमेरिकी ठिकानों पर हमले किए। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने होर्मुज के ऊपर एक अमेरिकी ड्रोन को मार गिराने का भी दावा किया है।

### ईरान का कड़ा रुख और शांति की अपील

इस ताजा सैन्य संघर्ष के बाद ईरान के शीर्ष नेतृत्व ने अमेरिका पर तनाव बढ़ाने का गंभीर आरोप लगाया है। एससीओ समिट के लिए रवाना होने से पहले राष्ट्रपति पेजेश्कियन ने स्पष्ट शब्दों में कहा था कि इस्लामिक गणराज्य किसी भी आक्रामकता का पूरी (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## छत्तीसगढ़ बीजेपी को मिल सकता है नया प्रदेश अध्यक्ष : तोखन-शिवरतन का नाम सबसे आगे



रायपुर। छत्तीसगढ़ भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष के नाम को लेकर चर्चा जोरों पर है। मौजूदा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव सड़क हादसे में घायल हैं। संगठनात्मक गतिविधियों में उनकी सक्रियता सीमित होने के कारण जल्द ही नए अध्यक्ष को जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है।

**संतोष पांडे-बृजमोहन की भी चर्चा**

इस रेस में केंद्रीय मंत्री और बिलासपुर सांसद तोखन साहू और पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा का नाम सबसे आगे चल रहा है। इसके अलावा कुरुद विधायक अजय चंद्राकर, राजनांदगांव सांसद संतोष पांडेय और रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल के नाम भी संभावित दावेदारों के रूप में चर्चा में हैं। ऐसे में अंतिम फैसला भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व ही करेगा। इसके अलावा बीजेपी ने प्रदेश के विभिन्न मोर्चों के नए प्रभारियों की घोषणा कर दी है। प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव की सहमति के बाद 7 मोर्चों के लिए नए प्रभारियों की नियुक्ति की गई है। जारी सूची में युवा मोर्चे से लेकर महिला, किसान, पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति और अल्पसंख्यक मोर्चे तक जिम्मेदारियां तय की गई हैं। तोखन साहू पिछले करीब एक सप्ताह से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के साथ संगठन और सरकार से जुड़ी महत्वपूर्ण बैठकों में लगातार नजर आ रहे हैं। उनकी बढ़ती सक्रियता को प्रदेश संगठन में नई जिम्मेदारी मिलने की संभावनाओं से जोड़कर देखा जा रहा है। पार्टी के भीतर इसे लेकर कई तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। तोखन साहू वर्तमान में केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार में मंत्री हैं और बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। उनके (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## सिंधु जल संधि पर कोर्ट ऑफ ऑर्बिट्रेशन के फैसले को भारत ने किया खारिज, कहा - ये आपके अधिकार क्षेत्र में नहीं



नई दिल्ली। सिंधु जल संधि को लेकर कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन (अंतरराष्ट्रीय विवादों के लिए दुनिया का सबसे पुराना मंच) के ताजा फैसले को भारत ने सिरे से नकार दिया है। विदेश मंत्रालय ने साफ किया है कि भारत ने इस फैसले को न सिर्फ पूरी तरीके से खारिज किया है बल्कि कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन की वैधता को नाकारा है।

भारत के कहा कि भारत के संप्रभु फैसलों पर किसी निकाय का कोई अधिकार क्षेत्र नहीं है। सोमवार को कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन ने सिंधु जल संधि की स्थिति और अंतरिम उपायों से जुड़ा एक फैसला जारी किया है।

### फैसले और कोर्ट को भारत ने किया खारिज

विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, इस तथाकथित कोर्ट का गठन वर्ल्ड बैंक ने संधि की शर्तों का साफ तौर पर उल्लंघन करते हुए किया था। भारत इसके तथाकथित फैसले को पूरी तरह से खारिज करता है, ठीक वैसे ही जैसे उसने इस गैर-कानूनी ढंग से गठित संस्था के पहले के सभी फैसलों को खारिज किया है।

### आर्बिट्रल का गठन ही सिंधु जल संधि का उल्लंघन

बयान में इस बात पर भी जोर दिया गया है कि भारत ने कभी भी कानून की नजर में इस गैर-कानूनी ढंग से गठित संस्था के अस्तित्व को मान्यता नहीं दी है, और हमेशा यही कहा है कि इस तथाकथित आर्बिट्रल संस्था का गठन ही सिंधु जल संधि का उल्लंघन है। बयान में कहा गया, इसीलिए, भारत कभी भी इस संस्था के सामने पेश नहीं हुआ और उसने इसके पहले के फैसलों पर कोई ध्यान नहीं दिया है।

## प्रयागराज एयरफोर्स स्टेशन के पास पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट: 11 की मौत, इनमें 8 बच्चे



**तड़पते घायलों को चारपाई पर लेकर भागे लोग**

प्रयागराज, कौशांबी। यूपी में सोमवार को प्रयागराज और कौशांबी बॉर्डर पर एक पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट हो गया। इस हादसे में 8 बच्चों समेत 11 लोगों की मौत हो गई, जबकि 5 झुलस गए। पुलिस के मुताबिक, विस्फोट इतना भीषण था कि पूरी फैक्ट्री जमींदोज हो गई। 100 मीटर के दायरे में बने 8 मकान क्षतिग्रस्त हो गए। इनमें से 3 ढह गए।

हादसा दोपहर साढ़े 12 बजे कौशांबी जिले के मोहम्मदपुर गांव में हुआ। यह गांव प्रयागराज बॉर्डर पर है। यहां से मनौरी स्थित एयरफोर्स स्टेशन 2 किमी है। पुलिस, एयरफोर्स, NDRF और SDRF के 200 जवान रेस्क्यू में जुटे हैं। 10 बुलडोजरों से मलबा हटाया जा रहा है। पुलिस को शक है कि मलबे के नीचे कुछ लोग दबे हो सकते हैं। ऐसे में मौत का आंकड़ा और बढ़ सकता है। हादसे के वक्त फैक्ट्री में 7 मजदूर काम कर रहे थे। इनमें से 3 की जान गई है। बाकी 8 मरने वाले आस-पास के घरों के हैं। धमाका कैसे हुआ, पुलिस पता लगा रही है। हालांकि प्रयागराज में स्वरूप रानी अस्पताल पहुंची रानी ने बताया- बिजली का खंभा गिरने के बाद फैक्ट्री में रखे बारूद में तेज धमाका हुआ।

धमाके की आवाज 2 किमी दूर तक सुनाई दी। कुछ ही देर में धुएं का गुबार चारों तरफ छा गया। ग्रामीण झुलसे लोगों को चारपाई पर ले जाते दिखे। विस्फोट की भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि मकान की तीसरी मंजिल में 8 फीट का छेद हो गया।

एक मंजिला अवैध फैक्ट्री 600 वर्गफीट में बनी थी। मालिक का नाम आदिल है। पुलिस के मुताबिक, फैक्ट्री के बगल में नई बस्ती बस रही थी। आदिल, पिता नौशाद, चाचा शकील और तीन महिलाओं पर केस दर्ज (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## मनी लॉन्ड्रिंग केस में हाईकोर्ट का बड़ा फैसला: ईडी की अटैच संपत्तियों के बदले 4.36 करोड़ की एफडी को वैकल्पिक सुरक्षा मानने से इनकार



बिलासपुर। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी द्वारा अटैच की गई छह अचल संपत्तियों के बदले 4 करोड़ 36 लाख 5 हजार 780 रुपये की फिक्स्ड डिपॉजिट को वैकल्पिक सुरक्षा के तौर पर स्वीकार करने की मांग को खारिज कर दी है। मामले की सुनवाई 31 अगस्त को जस्टिस बिभू दत्त गुरु की सिंगल बेंच में हुई।

### एफडी देकर संपत्ति मुक्त करने की मांग

याचिकाकर्ता ऋषभ सोनी और एक अन्य व्यक्ति ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर ईडी की ओर से अटैच छह अचल संपत्तियों को मुक्त करने की मांग की थी। उनका तर्क था कि ये संपत्तियां अपराध की सीधी आय नहीं हैं, बल्कि PMLA की धारा 2(1)(u) के तहत समकक्ष मूल्य के रूप में अटैच की गई हैं। याचिकाकर्ताओं ने कहा कि संपत्तियों के मूल्य के बराबर एफडी जमा कराए जाने से ईडी का हित सुरक्षित रहेगा और कारोबार भी प्रभावित नहीं होगा।

### नियम से एफडी स्वीकार करना अनिवार्य नहीं- ईडी

ईडी ने इसका विरोध करते हुए कहा कि PMLA या 2013 के नियमों में अटैच अचल संपत्ति को स्वेच्छा से एफडी से बदलने का कोई सामान्य वैधानिक अधिकार नहीं दिया गया है। नियम 5 भी केवल विशेष परिस्थितियों में लागू होता है और इसमें एफडी स्वीकार करना अनिवार्य नहीं है। हाईकोर्ट ने माना कि अटैच संपत्ति के बदले एफडी देने का कोई सामान्य अधिकार कानून में नहीं है। केवल वित्तीय या व्यावसायिक कठिनाई के आधार पर संपत्ति को बदलने की मांग स्वीकार नहीं की जा सकती। कोर्ट ने यह भी कहा कि PMLA की धारा 42 के तहत वैधानिक अपील का विकल्प उपलब्ध है। ऐसे में अनुच्छेद 226 के तहत रिट क्षेत्राधिकार का इस्तेमाल उचित नहीं है। कोर्ट ने याचिका में कोई आधार नहीं पाते हुए इसे खारिज कर दिया।

## सीएम साय का बड़ा बयान: कहा- हिड़मा का महिमामंडन करने वाले 'दिमागी नक्सली'



रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नक्सलवाद और हिंसा को लेकर बड़ा बयान दिया है। एक निजी चैनल को दिए साक्षात्कार में मुख्यमंत्री ने कहा कि कुख्यात नक्सली हिड़मा, जिसने सैकड़ों निर्दोषों की हत्या की, उसे आदर्श मानने वाले ही 'दिमागी नक्सली' हैं। उन्होंने कहा कि हिंसा और नक्सलवाद का समर्थन करने वाली मानसिकता को भी समाज को स्पष्ट रूप से अस्वीकार करना चाहिए।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ लंबे और पीड़ादायक नक्सली दौर से निकलकर अब शांति, विश्वास और विकास की नई राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। सुरक्षाबलों के साहस, केंद्र एवं राज्य सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति और बस्तर के लोगों के सहयोग से नक्सलवाद अब समाप्ति की ओर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि आज भी कुछ लोग ऐसे कुख्यात नक्सलियों को अपना आदर्श मानते हैं, जिनके हाथ निर्दोष नागरिकों और सुरक्षाबलों के खून से रंगे रहे हैं। उन्होंने कहा कि हिड़मा जैसे नक्सलियों ने हिंसा और आतंक के जरिए बस्तर की कई पीढ़ियों को भय, अभाव और पिछड़ेपन में रखा। ऐसे लोगों का महिमामंडन करना, उनके समर्थन में नारे लगाना या उन्हें नायक के रूप में प्रस्तुत करना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि बंदूक (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## दिल्ली में बस में 16 साल की छात्रा से गैंगरेप, ड्राइवर-कंडक्टर अरेस्ट



**ग्रेटर नोएडा से बैठाया; बस 47km दौड़ती रही, शीशे पर पर्दे लगे थे**

नई दिल्ली। दिल्ली में 16 साल की छात्रा से चलती स्लीपर बस में गैंगरेप का मामला सामने आया है। घटना 4 अगस्त की है, पुलिस ने 31 अगस्त को इसकी जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक पीड़ित ग्रेटर नोएडा के परी चौक पर बस में बैठी। आरोपियों ने उसे कश्मीरी गेट पर छोड़ा। इस दौरान बस करीब 47 किमी दौड़ती रही। बस के शीशों पर पर्दे लगे थे।

पुलिस ने बस ड्राइवर कुलदीप और कंडक्टर संदीप को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की गिरफ्तारी कब हुई, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। पीड़ित उत्तर प्रदेश के मैनपुरी जिले की रहने वाली है और 11वीं की छात्रा है। पुलिस के मुताबिक, पीड़ित यूपी के मैनपुरी की रहने वाली है। परिवार में झगड़ा होने पर बिना बताए नोएडा में कजिन के घर के लिए बस से निकली। मैनपुरी से नोएडा की दूरी 300 किमी से ज्यादा है। भारी बारिश और अंधेरे के कारण छात्रा गलती से परी चौक पर उतर गई थी। फिर यहां से नोएडा जाने के लिए वाहन का इंतजार करने लगी। इसी बीच वहां से एक खाली स्लीपर बस गुजरी। छात्रा ने बस को रुकने का इशारा किया। ड्राइवर और कंडक्टर ने छात्रा को बस में बैठा लिया। उन्होंने बताया कि बस नोएडा सेक्टर-63 जा रही है। पुलिस के मुताबिक, बस चलने के कुछ समय बाद कंडक्टर ने छात्रा के साथ अश्लील हरकत करने की कोशिश की। छात्रा ने पुलिस को बताया कि ड्राइवर और कंडक्टर ने उसके साथ रेप किया। विरोध करने पर दोनों ने उसे जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि दोनों ने देर रात छात्रा को कश्मीरी गेट बस टर्मिनल के पास रिंग रोड पर उतार दिया। इसके बाद दोनों वहां से फरार हो गए। छात्रा ने रात में ही कश्मीरी गेट पुलिस से संपर्क कर घटना की जानकारी दी। पीड़ित की शिकायत के अनुसार, जांचकर्ताओं ने कोतवाली एसीपी शंकर बनर्जी के नेतृत्व में एक टीम गठित की। टीम ने बस की पहचान और उसके रूट को ट्रैक करने के लिए रास्ते में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की। पुलिस ने ड्राइवर कुलदीप (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## नेपाल-तिब्बत में बाढ़ से मौत का आंकड़ा बढ़कर 955 हुआ: चीन ने त्रासदी पर सफाई दी, कहा- 12 दिन पहले अलर्ट दिया था



काठमांडू। नेपाल-तिब्बत में 26 अगस्त को आई बाढ़ के बाद मौत का आंकड़ा बढ़कर 955 हो गया है। अकेले नेपाल में 939 मौते हुई हैं, जबकि तिब्बत में मरने वालों का आंकड़ा 16 पहुंच गया है। वहीं, 3900 से ज्यादा लोग अब भी लापता हैं।

दूसरी ओर, बाढ़ से पहले जरूरी डेटा साझा न करने के आरोपों पर चीन ने सफाई दी है। चीनी विदेश मंत्रालय ने कहा कि उसके वर्ल्ड मेट्रोलॉजिकल सेंटर ने बाढ़ से 12 दिन पहले ही नेपाल को ईमेल भेजकर भारी बारिश, भूस्खलन और अचानक बाढ़ की चेतावनी दी थी। दरअसल, 27 मई को काठमांडू में दोनों देशों की मौसम और ग्लेशियर से जुड़े खतरों पर बैठक हुई थी। इसमें नेपाल ने ग्लेशियरों में शुरुआती हलचल और संभावित खतरे की जानकारी पहले देने की मांग की थी। नेपाल का आरोप है कि चीन भारी बारिश का अनुमान तो देता है, लेकिन हिमस्खलन, पानी के स्तर, भूस्खलन और दूसरे बड़े प्राकृतिक खतरों की जानकारी साझा नहीं करता।

### नेपाल बाढ़ के 17 शव उत्तर प्रदेश में गंडक नदी से मिले

नेपाल में आई फ्लैश फ्लड में बहे लोगों के 17 शव उत्तर प्रदेश में गंडक नदी से बरामद किए गए हैं। इनमें 13 शव कुशीनगर के खड्डा और तमकुही राज तहसीलों में मिले, जबकि 4 शव महाराजगंज के निचलौल तहसील से बरामद हुए। महाराजगंज में मिले 4 अज्ञात शव सोमवार को नेपाल प्रशासन को सौंप दिए गए। इनमें 3 महिलाओं के शव भी शामिल थे। अधिकारियों के मुताबिक, शवों की पहचान नहीं हो सकी थी, इसलिए पोस्टमॉर्टम के दौरान DNA सैंपल लिए गए हैं। शवों को नियम के तहत 72 घंटे तक मोर्चरी में रखा गया था।

### लापता लोगों के परिजनों से DNA सैंपल मांगे गए

नेपाल में लापता लोगों की पहचान के लिए उनके परिजनों से DNA सैंपल मांगे गए हैं। पुलिस ने माता-पिता और बच्चों से DNA देने के साथ लापता व्यक्ति की आखिरी बार देखे जाने की जगह और समय की जानकारी देने को कहा है। नेपाल के बाहर रहने वाले ऐसे लोग, जिनके रिश्तेदार नेपाल में लापता हैं, उन्हें अपने देश में DNA प्रोफाइलिंग कराकर (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### नेपाल में तबाही के बीच चमत्कार! 3 दिन तक मलबे में दबी रही 6 साल की बच्ची, जिंदा निकली

नेपाल में विनाशकारी बाढ़ के बीच एक ऐसी तस्वीर सामने आई है, जिसने राहत और बचाव अभियान में जुटे लोगों को भी हैरान कर दिया। रसुवा जिले के तिमुरे इलाके में बचाव दल ने मलबे और मिट्टी के नीचे दबी 6 साल की बच्ची को तीन दिन बाद जिंदा निकाल लिया। बच्ची बाढ़ के बाद मलबे में फंस गई थी और उसके जिंदा होने का पता तब चला, जब सुरक्षाकर्मियों ने मलबे के नीचे से उसकी आवाज सुनी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार बच्ची को शुक्रवार को मलबे से बाहर निकाला गया। उसकी हालत लगातार बिगड़ रही थी, जिसके बाद उसे इलाज के लिए शनिवार को हेलीकॉप्टर से काठमांडू ले जाया गया। फिलहाल अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है।

## छत्तीसगढ़ में महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉकों की नीलामी शुरू, स्वच्छ ऊर्जा और एआई के लिए बनेगा नया आधार



नई दिल्ली। रक्षा उपकरणों, स्वच्छ ऊर्जा, इलेक्ट्रिक वाहन, बैटरी, इलेक्ट्रॉनिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी नई तकनीकों के लिए जरूरी महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ देश की रणनीतिक आपूर्ति श्रृंखला में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। राज्य में लिथियम, ग्रेफाइट, दुर्लभ मृदा तत्व, टंग्स्टन, वैनेडियम और गैलियम सहित कई महत्वपूर्ण खनिजों की संभावनाएं हैं।

रायपुर के नवा रायपुर में भारत सरकार के खान मंत्रालय द्वारा महत्वपूर्ण एवं रणनीतिक खनिज ब्लॉकों की नीलामी की आठवीं ट्रेंच के लिए आयोजित रोड शो में राज्य की खनिज संभावनाओं और निवेश अवसरों को सामने रखा गया। आठवीं ट्रेंच में देश के सात राज्यों के 20 खनिज ब्लॉक नीलामी के लिए शामिल हैं, जिनमें पांच ब्लॉक छत्तीसगढ़ के हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने निवेशकों से इन ब्लॉक्स की नीलामी में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। छत्तीसगढ़ में अब तक 65 खनिज ब्लॉक्स की नीलामी की जा चुकी है, जिनसे लगभग 4 लाख करोड़ रुपए के संभावित राजस्व की उम्मीद है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लिथियम, ग्रेफाइट और दुर्लभ मृदा तत्व जैसे खनिज बैटरी, ऊर्जा भंडारण, इलेक्ट्रॉनिक्स, ड्रोन, रक्षा उपकरण और उन्नत विनिर्माण के लिए महत्वपूर्ण हैं। राज्य सरकार के अनुसार, छत्तीसगढ़ में खनन के साथ पेड़ों और जंगलों का भी ध्यान रखा जा रहा है। सतत खनन के कारण राज्य के वन क्षेत्र में 1.22 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। यानी खनिज विकास के साथ पर्यावरण को बचाने पर भी ध्यान दिया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में कटघोरा और बस्तर क्षेत्र में लिथियम एवं दुर्लभ मृदा तत्व, बलरामपुर में ग्रेफाइट, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# कमरछठ को लेकर शहर में सजी पूजा सामग्रियों की दुकानें, पसहर चांउर और पूजन सामग्री की बढ़ी मांग

## संतान की दीर्घायु और निरोगी जीवन के लिए माताएं रखेंगी निर्जला व्रत, 200 रुपये किलो तक बिक रहा पसहर चावल

**राजनांदगांव (दावा)।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी से दो दिन पूर्व भाद्रपद कृष्ण षष्ठी तिथि को मनाया जाने वाला पारंपरिक लोकपर्व हलषष्ठी (कमरछठ) को लेकर संस्कारधानी के बाजारों में रौनक बढ़ गई है। भगवान श्रीकृष्ण के बड़े भ्राता हलधर बलराम जी के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाने वाला यह पर्व विशेष रूप से सौभाग्यवती माताओं द्वारा अपनी संतान की लंबी उम्र, स्वास्थ्य और सुरक्षा की कामना के लिए रखा जाता है। पर्व को लेकर शहर के मुख्य बाजार गोल बाजार, जयस्तंभ चौक, जूनी हटरी, महावीर चौक हाट बाजार और गंज लाइन सहित विभिन्न चौक-चौराहों पर पूजन सामग्रियों की दुकानें सज गई हैं।

### सगरी सजाकर की जाएगी प्रकृति और शिव पंचायत की पूजा

हलषष्ठी के दिन संतानवती माताएं सोलह श्रृंगार कर सामूहिक रूप से सगरी (जलकुंड का प्रतीक) बनाकर पूजन करेंगी। सगरी को कांसी, बेर की झाड़ियों और पलाश के पत्तों से सजाकर प्रकृति का स्वरूप दिया जाता है। इस दौरान महिलाएं भगवान शिव-पार्वती सहित पूरे शिव परिवार की विधिवत पूजा-अर्चना कर पंडितों के मुख से हलषष्ठी की पारंपरिक लोककथा का श्रवण करेंगी और पसहर चावल व बिना हल चले उगी भाजियों का प्रसाद ग्रहण कर निर्जला व्रत का पारणा करेंगी।



### पूजा सामग्री के सेट और मिट्टी के बर्तनों की बिक्री तेज

दुकानदारों द्वारा पूजन सामग्री का पूरा सेट तैयार कर 50 रुपये में उपलध कराया जा रहा है, जिसमें महुआ व खहार की दातून, दोना-पाल, लाई, बटरा, महुआ, धतूरा, बेलपत्र, बेर पाा और कांसी शामिल हैं। इसके अलावा मिट्टी से बने शिवलिंग 10 रुपये में तथा पारंपरिक खिलौने–मिट्टी की नाव (डोंगा), पतवार, गिल्ली-डंडा और भौंरा-गोलियां 40 रुपये के सेट में बिक रहे हैं। पर्व के मद्देनजर बाजार में भैंस के दूध व दही की मांग भी काफी बढ़ गई है, योंकि इस व्रत में गाय के दूध-दही का उपयोग वर्जित माना जाता है।

### बिना जुते खेत का पसहर चांउर 150 से 200 रुपये किलो

खम्हर छठ व्रत में बिना जुते हुए खेत से उत्पन्न अन्न पसहर चांउर (पसही चावल) और छह प्रकार की भाजियों का विशेष धार्मिक महत्व होता है। इसी कारण बाजार में पसहर चावल की जबर्दस्त मांग बनी हुई है। व्यापारियों के अनुसार पसहर चांउर बाहर से मंगाए जाने के कारण आम चावल की तुलना में महंगा बिक रहा है। बाजार में इसकी कीमत 150 से 200 रुपये प्रति किलो तथा छोटे 20 ग्राम के ग्लास में 30 रुपये तक चल रही है।

## पहला कॉलम...

### आशीष डोंगरे के निवास पर मन की बात का सामूहिक श्रवण



**राजनांदगांव (दावा)।** भाजपा प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर लखोली वार्ड क्रमांक 36 के बूथ क्रमांक 76 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात का सामूहिक श्रवण कार्यक्रम आयोजित किया गया। पूर्व पार्षद प्रतिनिधि आशीष डोंगरे के निवास पर आयोजित इस कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और वार्डवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, जिला सहकारी बैंक के उपाध्यक्ष भरत वर्मा, शक्ति केंद्र प्रभारी राजेश गुप्ता अग्रहरि, वरिष्ठ पार्षद शिव वर्मा और सुरेश साहू मुख्य रूप से उपस्थित रहे। पूर्व पार्षद प्रतिनिधि आशीष डोंगरे ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात के 137वें एपिसोड में महिला वैज्ञानिकों के नेतृत्व, नशामुक्ति, स्वच्छता और आत्मनिर्भरता जैसे अहम विषयों पर अपने विचार साझा किए। इसके अलावा पीएम ने स्वतंत्रता दिवस पर वैश्विक स्तर पर चले सूर्यपथ तिरंगा अभियान और देशव्यापी हर घर तिरंगा अभियान में जनता की रिकॉर्ड सहभागिता की सराहना की। श्रवण के बाद उपस्थित पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और सामाजिक सरोकारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर संदीप मेश्राम, विजय निर्मलकर, शुभम भीमकार, तरुण साहू, दुर्गेश मानकर, सुंदर खरे, मिथिलेश्वरी वैष्णव, सीमा वैष्णव, करुणा भीमते, मानिक सिंह सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

### श्री रामलला दर्शन (अयोध्या धाम) योजना तहत वरिष्ठ नागरिकों को करायी जाएगी तीर्थयात्रा

**राजनांदगांव (दावा)।** श्री रामलला दर्शन (अयोध्या धाम) योजना के तहत जिले के 18 वर्ष या 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग एवं 75 वर्ष से कम आयु वर्ग के 91 नागरिकों को 30 सितम्बर से 3 अक्टूबर 2026 तक अयोध्या धाम की यात्रा करायी जाएगी। यात्रा के संबंध में विस्तृत जानकारी कार्यालय जिला पंचायत राजनांदगांव से प्राप्त की जा सकती है।

### दिव्यांगजन छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत 30 सितंबर तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**राजनांदगांव (दावा)।** दिव्यांगजन छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत पात्र विद्यार्थी 30 सितंबर 2026 तक नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल (एनएसपी) के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। पात्र विद्यार्थियों को आवेदन सहित अन्य आवश्यक प्रक्रिया ऑनलाइन माध्यम से पूरी करनी होगी। चयनित विद्यार्थियों के बैंक खातों में छात्रवृत्ति की राशि सीधे डीबीटी के माध्यम से भेजी जाएगी। प्राप्त आवेदनों का सत्यापन दो चरणों में किया जाएगा। पहले चरण में संबंधित विद्यालय अथवा शिक्षण संस्था द्वारा 15 अक्टूबर 2026 तक आवेदनों की जांच एवं सत्यापन किया जाएगा। इसके बाद दूसरे चरण में जिला समाज कल्याण कार्यालय द्वारा 30 अक्टूबर 2026 तक आवेदनों का परीक्षण एवं सत्यापन किया जाएगा। दोनों स्तरों पर सत्यापन के बाद पात्र पाए गए विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा तथा छात्रवृत्ति की राशि सीधे उनके बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से अंतरित की जाएगी।

### संस्कारसिटी कॉलेज ऑफ फार्मेसी में राष्ट्रीय खेल दिवस पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित



**राजनांदगांव (दावा)।** ठाकुरटोला स्थित संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ फार्मेसी में 28 से 30 अगस्त तक राष्ट्रीय खेल दिवस का गरिमामय आयोजन किया गया। 'खेलेगा भारत, जीतेगा भारत' की थीम पर आयोजित यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. टी. कुमार एवं क्रीड़ा अधिकारी अमन सिन्हा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के तैलचित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर किया गया। तीन दिवसीय इस खेल उत्सव में छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ वॉलीबॉल, शतरंज (चेस), बैडमिंटन और फुटबॉल सहित कई अन्य खेल स्पर्धाओं में भाग लिया और उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर संस्था के प्रबंधक ललित दादरीवाल एवं अतुल देशलहरा ने विद्यार्थियों को खेल भावना बनाए रखने के लिए प्रेरित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना करते हुए आशीर्वाद दिया।




dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में

रोजाना 3 खेल, समय पहला शो 11.45 बजे, दूसरा शो 3.15, तीसरा शो रात 8.45 बजे

टॉक्सी

रॉकी यश कुमार, नयन तारा, कियारा

टिकट दर बालकनी 150/- रिजर्व - 120/-




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

# ग्रीन फार्म हाउस में लाखों की चोरी का सोमनी पुलिस ने किया खुलासा, 2 आरोपी गिरफ्तार

**10.56 लाख रुपये का मशरूका व प्रयुक्त वाहन जब्त, एसी आउटडोर व पंप बरामद, आरोपी भेजे गए जेल**



**राजनांदगांव (दावा)।** सोमनी थाना क्षेत्र के ग्राम देवादा स्थित शेड्स ऑफ ग्रीन फार्म हाउस में हुई लाखों रुपये की चोरी का पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने त्वरित खुलासा कर दिया है। पुलिस ने मामले में दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी किए गए एसी, पंप और घटना में प्रयुक्त वाहन सहित कुल 10 लाख 56 हजार रुपये का सामान जब्त किया है। सोमनी थाना प्रभारी एमन साहू ने बताया कि 20-21 अगस्त की दरमियानी रात अज्ञात चोरों ने फार्म हाउस के मुख्य गेट का ताला तोड़कर भीतर प्रवेश किया था। चोरों ने वहां से 10 नग एसी आउटडोर, 3 नग सबमर्सिबल पंप, वाटर पंप, एचटीपी पंप, सीसीटीवी कैमरे एवं ब्लूटूथ साउंड बॉक्स पार कर दिए थे। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना सोमनी में अपराध क्रमांक 164/2026, धारा 305(ए), 331(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी।

पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन में थाना प्रभारी एमन साहू और साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक विनय पम्मार के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने घटनास्थल के तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र की मदद से दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। जिसके बाद चोरी का पर्दाफाश हुआ। जिसमें आरोपी विजय सोनवानी (26 वर्ष), निवासी ग्राम धीरी आबादीपारा थाना सोमनी व नागेश्वर प्रसाद साहू (29 वर्ष) निवासी ग्राम खल्लारी थाना गुण्डरदेही जिला बालोद है। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने 8 नग वोल्टास एसी आउटडोर, 1 नग गोदरेज एसी, 1 नग किसान क्रॉप कंपनी का एचटीपी पंप तथा वारदात में प्रयुक्त वाहन (क्रमांक सीजी-07 सीके-3327) बरामद किया है। जब्त सामान व वाहन की कुल अनुमानित कीमत लगभग 10.56 लाख रुपये आंकी गई है। दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। पुलिस द्वारा मामले में फरार अन्य सह-आरोपी की तलाश और शेष सामग्री की बरामदगी के प्रयास जारी हैं।

# नेशनल हाईवे पर अंधेरे में लापरवाही से खड़े ट्रक पर पुलिस की कार्रवाई, यूपी का वाहन जब्त



**बिना इंडिकेटर व संकेतक के सड़क पर खड़ा था ट्रक, चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 285 के तहत अपराध दर्ज**

**राजनांदगांव (दावा)।** राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच 53) पर वाहनों की बेतरतीब और खतरनाक पार्किंग के खिलाफ बागनदी पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है। पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन एवं वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में हाईवे पर दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे विशेष निगरानी अभियान के तहत पुलिस ने सड़क पर अंधेरे में खड़े एक ट्रक को जब्त कर चालक के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की है। थाना प्रभारी नंद किशोर गौतम ने बताया कि हाईवे पेट्रोलिंग के दौरान आरक्षक मुकेश यादव के साथ गश्त करते समय रात करीब 8:30 बजे चिबुकनाला के समीप रायपुर से नागपुर जाने वाले मार्ग पर एक ट्रक (क्रमांक एमएच 40 वाय 0586) सड़क के बीचों-बीच खतरनाक स्थिति में खड़ा पाया गया। वाहन में न तो कोई पार्किंग लाइट या इंडिकेटर चालू था और न ही कोई रिफ्लेक्टर या रेडियम संकेतक लगाया गया था।

अंधेरे में बिना किसी सुरक्षा संकेत के खड़े इस भारी वाहन के कारण पीछे से आने वाले तेज रफ्तार वाहनों के टकराने और भीषण सड़क हादसे की पूरी आशंका बनी हुई थी। चालक मौके से नदारद था। खतरे को भांपते हुए पुलिस ने तत्काल एनएचएआई की मदद से मौके पर बैरिकेडिंग कराकर यातायात को सुरक्षित कराया और ट्रक को जब्त कर थाने लाया। मामले में वाहन चालक वीरेंद्र कुमार गौतम (30 वर्ष) निवासी परापाटी, थाना चंदेर, जिला जौनपुर (उत्तर प्रदेश) के खिलाफ सड़क पर लापरवाहीपूर्वक वाहन खड़ा कर मानव जीवन को खतरे में डालने के आरोप में भारतीय न्याय संहिता की धारा 285 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी गई है। थाना प्रभारी नंद किशोर गौतम ने सभी वाहन चालकों से अपील की है कि हाईवे पर वाहन खराब होने या रुकने की स्थिति में उसे सड़क से नीचे सुरक्षित स्थान पर ही खड़ा करें। इसके साथ ही पार्किंग लाइट, हैजर्ड इंडिकेटर और रिफ्लेक्टर/रेडियम संकेतक का अनिवार्य रूप से उपयोग करें, ताकि हादसों से बचा जा सके।

# राजनांदगांव में संभाग स्तरीय राज्य पुरस्कार जांच शिविर का शुभारंभ



**दुर्ग संभाग के 5 जिलों से 159 गाइड ले रहीं हिस्सा, 3 सितंबर तक चलेगा आयोजन**

**राजनांदगांव (दावा)।** दुर्ग संभाग स्तरीय राज्य पुरस्कार जांच परीक्षा गाइड 2026 की मेजबानी इस वर्ष राजनांदगांव जिले को मिली है। 30 अगस्त से 3 सितंबर 2026 तक चलने वाले इस शिविर का आयोजन महारानी लक्ष्मीबाई आदर्श कन्या उ.मा. शाला और वेसलियन हिंदी माध्यम शाला में किया जा रहा है। शिविर का विधिवत उद्घाटन राज्य उपाध्यक्ष राजेंद्र गोलछा और जिला मुख्य आयुक्त महेश खंडेलवाल के आतिथ्य में हुआ। अतिथियों ने प्रतिभागियों को अनुशासन और सेवा के माध्यम से राष्ट्रपति अवार्ड तक पहुंचने का लक्ष्य साधने के लिए प्रेरित किया और स्काउट-गाइड के आदर्शों को जीवन भर अपनाने की सलाह दी। शिविर संचालक व राज्य संगठन आयुक्त (गाइड) श्रीमती जलवती साहू ने बताया कि बालोद, दुर्ग, राजनांदगांव, कबीरधाम और खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले की कुल 159 गाइड इसमें शामिल हो रही हैं। पहले दिन पंजीयन के बाद नियम, प्रतिज्ञा, प्रार्थना, झंडा गीत, आधारभूत तत्व, सैल्यूट, सिद्धांत, आदर्श वाक्य सहित निर्धारित विषयों की सैद्धांतिक व प्रायोगिक परीक्षा ली गई। परीक्षा के लिए प्रदेश के विभिन्न जिलों (मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, जांजगीर-चांपा, बिलासपुर, सूरजपुर, बलौदाबाजार) से विशेष परीक्षक नियुक्त किए गए हैं। जिला शिक्षा अधिकारी पी.के. सिंह बघेल के मार्गदर्शन में मयूख श्रीवास्तव, भारती रजक व अन्य स्थानीय स्काउटर-गाइडर व्यवस्था संभाल रहे हैं। आयोजन को नगर निगम, स्वास्थ्य विभाग और पुलिस विभाग का भी पूरा सहयोग मिल रहा है।

### चिंताराम साहू का निधन



**डोंगरगांव (दावा)।** नगर के करियाटोला वार्ड नंबर 9 निवासी चिंताराम साहू का सोमवार 31 अक्टूबर को अस्वस्थता के चलते निधन हो गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में परिजन एवं शुभचिंतक शामिल हुए।

# न्यायमूर्ति राधेकृष्ण अग्रवाल के विदाई समारोह में शामिल हुए अधिवक्ता लवकुमार रामटेके एवं परिवार



**बिलासपुर (दावा)।** छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति राधेकृष्ण अग्रवाल का विदाई समारोह अत्यंत गरिमामय और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर हाईकोर्ट के अधिवक्ता लवकुमार रामटेके, कु. गौतमी रामटेके एवं माही रामटेके विशेष रूप से उपस्थित रहे। समारोह के दौरान न्यायमूर्ति राधेकृष्ण अग्रवाल के सुदीर्घ न्यायिक कार्यकाल, विधि के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान तथा अधिवक्ताओं व न्यायिक बिरादरी के साथ उनके आत्मीय एवं सौहार्दपूर्ण व्यवहार को याद करते हुए उनकी सराहना की गई। अधिवक्ता लवकुमार रामटेके ने न्यायमूर्ति श्री अग्रवाल के कार्यकाल को न्याय के प्रति पूर्ण समर्पण का प्रतीक बताया और उनके उत्तम स्वास्थ्य तथा सुखद आगामी जीवन के लिए मंगलकामनाएं व्यक्त कीं। इस दौरान रामटेके परिवार ने न्यायमूर्ति श्री अग्रवाल से आत्मीय मुलाकात कर उन्हें सम्मान स्वरूप शुभकामनाएं प्रेषित कीं। कार्यक्रम में उच्च न्यायालय के अनेक वरिष्ठ अधिवक्ता एवं न्यायिक क्षेत्र से जुड़े गणमान्य जन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मैं राजेश डागा (RAJESH DAGA) S/O श्री जीवनलाल डागा (JIVANLAL DAGA) निवास स्थान 444, WARD NO. 43, DAGA OIL MILL, LAKHOLI, RAJNANDGAON (C.G.) 491441 यह शपथ करता हूँ कि, मैने अपना पुराना नाम को त्याग कर नया नाम राजेश कुमार डागा (RAJESH KUMAR DAGA) S/O श्री जीवनलाल डागा (JIVANLAL DAGA) रख लिया है।

अत: आज से मुझे मेरे समस्त शासकीय एवं अर्द्धशासकीय व अन्य सभी दस्तावेजों में मेरे नये नाम राजेश कुमार डागा (RAJESH KUMAR DAGA) S/O श्री जीवनलाल डागा (JIVANLAL DAGA) के नाम से ही जाना पहचाना जाये।

**RAJESH KUMAR DAGA**
444, WARD NO. 43,
DAGA OIL MILL, LAKHOLI,
RAJNANDGAON (C.G.), 491441

### न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़ 1 के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202608095200012

विषय:- ब-121 मामले की श्रेणी:- राजस्व सन:- 2025-2026 कातलवाही प.ह.नं. 00018 [(हे.)] पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार दिव्या सतनामी, अनावेदक पक्षकार -

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका दिव्या पिता शिवकुमार जाति सतनामी सा. कातलवाही तहसील डोंगरगढ़, जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदिका अपने स्वयं दिव्या पिता शिवकुमार की जन्म दिनांक **19.05.2000** को ग्राम कातलवाही में हुआ है के नाम पर जन्म तिथि दर्ज कर प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदक द्वारा आवेदन पत्र सहित शपथ पत्र, शिक्षण पत्र, जन्म/मृत्यु पंचनामा, रजिस्ट्रार, जन्म/मृत्यु ग्राम पंचायत रींवागहन /जिला संख्यीकी राजनांदगांव का अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, आधार पत्र, शिक्षण पत्र, आवेदन शपथ पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन पेशी दिनांक **31.08.2026** उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक **17/08/2026** को जारी किया जाता है।

**झरना राजपूत,**
**नायब तहसीलदार, डोंगरगढ़ (छ.ग.)**

### न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगांव 2 के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202608095500007

विषय:- ब-121 मामले की श्रेणी:- राजस्व सन:-2025-2026 परना प.ह.नं. 00029 [(हे.)] पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार चुम्मनलाल, अनावेदक पक्षकार - छ.ग. शासन

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक चुम्मनलाल आ. हरिराम जाति हल्बा निवासी ग्राम परना पटवारी हल्का नं. 29 तहसील डोंगरगांव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत अपने माता बसंतीबाई की मृत्यु दिनांक **05/09/1998** को ग्राम परना में होने के कारण अपने माता बसंतीबाई की मृत्यु तिथि जारी किये जाने शपथ पत्र, अनापत्ति प्रमाण पत्र, पंचनामा, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, दाह संस्कार प्रमाण पत्र, आधारकार्ड, चालान क्रमांक 66230826011492 के साथ आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/ आपत्ति हो पेशी दिनांक **07.09.2026** को स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 24/08/2026 को जारी किया गया।

**जगदेव प्रसाद खुंटे (नायब तहसीलदार)**
**डोंगरगांव (छ.ग.)**

### शुभांक

बी. के.
2-5-8
अनुमानित
600-6 360-9
राजधानी
1-6-0
149-4 670-3

चेतावनी:- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

### कार्यालय नगर पंचायत-घुमका, जिला - राजनांदगांव (छ.ग.)

क्रमांक/488/लो.नि.वि./न.पं./2026-27 घुमका, दिनांक 27/08/2026

**-:: मैनुअल पद्धति निविदा सूचना (2nd call) ::-**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कार्यालय नगर पंचायत घुमका जिला - राजनांदगांव (छ.ग.) के द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 में निम्न दर्शित कार्यों का सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा प्रपत्र ''अ'' में लो.नि.वि. भवन एस.ओ.आर. 10.06.2026 से प्रभावशील दर पर कम/सामान/अधिक प्रतिशत दर पर दो लिफाफा पद्धति में पंजीकृत / स्पीड पोस्ट के माध्यम से सीलबंद लिफाफा दिनांक **11/09/2026** अपरान्ह **03.00** बजे तक निविदा दर आमंत्रित किया जाता है। प्राप्त निविदा निर्धारित समयावधि पश्चात् उपस्थित निविदादाता/अधिकृत प्रतिनिधियों के उपस्थिति में अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा खोला जावेगा।

1. कार्यालय में निविदा प्रपत्र रजिस्टर्ड डॉक/स्पीड पोस्ट से प्राप्त करने की अंतिम तिथि- **11/09/2026 अपरान्ह 03.00 बजे तक**
2. निविदा खोले जाने की तिथि - **11/09/2026 अपरान्ह 4.00 बजे के बाद**

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत राशि (लाख में) | अमानत राशि (एफ.डी.आर.) | फार्म (वेबसाईट से डाउनलोड किया जाना है) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (डी. डी.) | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र घुमका में एम्बुलेंस के रख रखाव हेतु शेड निर्माण कार्य। | 1.00 | 2000.00 | फार्म ए | 300.00 | 02 माह |

शर्ते :- निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में एवं विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in में देखा / डाउनलोड की जा सकती है। उक्त निविदा में संशोधन होने की स्थिति में विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in में अपलोड की जावेगी, जिसकी सूचना दैनिक सामाचार पत्र में पृथक से नहीं दी जावेगी।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत घुमका, जिला-राजनांदगांव(छ.ग.)**

# 25 साल बाद फिर लौटा भर्ती का पहला दिन, नव आरक्षक सा दिखा जोश

## 8वीं वाहिनी के 2001 बैच की रजत जयंती में देशभर से जुटे साथी, गले मिलकर ताजा कीं पुरानी यादें

**राजनांदगांव (दावा)।** समय बीतता गया, जिम्मेदारियां और पद बदलते गए, लेकिन 2001 बैच के जवानों के दिलों में साथ बिताए दिनों की यादें आज भी उतनी ही ताजा हैं। 25 वर्ष बाद जब 8वीं वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल (छसबल) राजनांदगांव के वर्ष 2001 बैच के साथी रजत जयंती समारोह में एक साथ जुटे तो माहौल कुछ ऐसा बना, मानो समय की सुइयां पीछे घूम गई हों और भर्ती का पहला दिन फिर लौट आया हो। छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के बाद गठित पहली बटालियन के रूप में गौरव हासिल करने वाली 8वीं वाहिनी के वर्ष 2001 बैच के जवानों ने सेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रजत जयंती समारोह का आयोजन किया। समारोह में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के साथ-साथ देश के अलग-अलग राज्यों में सेवारत बैच के साथी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

आयोजन समिति के सदस्य संजय सिंह, पुखराज साहू, दिनेश सिंह, शेख यूनुस कुरैशी, मनोज राजपूत, षडानन तिवारी, मिर्जा हबीब बेग, शरद तिवारी, टीनू थामस, विजय देवदास एवं कांति साहू ने बताया कि 2001 बैच एक परिवार की तरह है। सुख-दुख, बेटी के विवाह या बीमारी के समय सभी साथी एकजुट होकर एक-दूसरे की मदद करते हैं। समारोह के दौरान एक भव्य रैली भी निकाली गई, जिसमें देशभक्ति गीतों की धुन पर जवानों का वही पुराना जोश और उत्साह नजर आया।

वर्ष 2001 में नक्सल प्रभावित क्षेत्र राजनांदगांव में नक्सल उन्मूलन के उद्देश्य से गठित भारत रक्षित वाहिनी (8वीं वाहिनी) में कुल 654 जवानों की भर्ती हुई थी। इन जवानों ने कठिन परिस्थितियों में आवापल्ली, भद्राकाली, गीदम, दंतेवाड़ा, केशकाल, नारायणपुर, दरभा, मानपुर, ओरछा, सुकमा और बीजापुर जैसे अत्यधिक संवेदनशील व घने जंगलों में तैनात रहकर अदम्य साहस का परिचय दिया था।





### प्रोफेसर से लेकर डीएसपी तक पहुंचे साथी, मिट गई पद की दूरियां

इस बैच की खासियत यह रही कि समय के साथ कई साथियों ने अपनी उच्च शिक्षा जारी रखी और आज कोई प्रोफेसर, कोई सब-इंस्पेक्टर, इंस्पेक्टर, डीएसपी तो कोई अन्य महत्वपूर्ण प्रशासनिक पदों पर कार्यरत है। लेकिन रजत जयंती के मंच पर पद और प्रतिष्ठा की सारी सीमाएं पीछे छूट गईं। सभी साथी एक-दूसरे से उसी आत्मीयता से मिले, जैसे 25 वर्ष पूर्व भर्ती के दौरान मिले थे। किसी ने पुराने प्रशिक्षण के किस्से सुनाए, तो कोई पुरानी तस्वीरों को देखकर भावुक हुआ।

### शहीदों व दिवंगत साथियों को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

समारोह में वर्ष 2001 बैच के उन वीर साथियों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई, जिन्होंने कर्तव्य पथ पर आगे बढ़ते हुए अपने प्राणों की आहुति दी। साथ ही उन दिवंगत साथियों को भी नमन किया गया, जो आज इस दुनिया में नहीं हैं। कार्यक्रम में उपस्थित सभी साथियों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।

# शहर की सड़कों में गड्ढों का अंबार, चुप्पी साधे बैठी निगम सरकार





**बारिश में पानी से लबालब हुए जानलेवा गड्ढे, त्योहारों के सीजन में राहगीरों की बढ़ी मुश्किलें**

राजनांदगांव (दावा)। शहर में कुछ माह पूर्व ही कई प्रमुख सड़कों का डामरीकरण कराया गया था, लेकिन पहली ही बारिश में गुणवत्ता की पोल खुल गई और सड़कें उखड़ कर बिखर गईं। मुख्य मार्गों से लेकर अंदरूनी गलियों तक बने बड़े-बड़े गड्ढे अब राहगीरों के लिए गंभीर खतरा बन चुके हैं। नगर निगम के ठीक सामने महावीर चौक (निगम कैंटीन के पास) बना विशाल गड्ढा आए दिन हादसों को न्योता दे रहा है। यहां यात्री बसों का ठहराव होने से कभी भी बड़ी दुर्घटना घट सकती है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में इसी क्षेत्र में भारी वाहन की चपेट में आने से एक युवती की जान जा चुकी है।

शहर के प्रमुख व्यापारिक क्षेत्रों कामठी लाइन, सदर बाजार, गुड़ाखू लाइन, रामाधीन मार्ग, गंज लाइन और सुरजन गली में हर कदम पर गड्ढे उभर आए हैं। वहीं सर्किट हाउस होने के कारण वीआईपी मार्ग में शुमार रानी सागर रोड (चौपाटी से बसंतपुर रोड व दिग्विजय कॉलेज तक) की स्थिति अत्यंत दयनीय है। दिग्विजय कॉलेज से जिला चिकित्सालय जाने वाले मार्ग और अस्पताल के मुख्य प्रवेश द्वार पर जलभराव के कारण मरीजों व परिजनों को पानी में से होकर गुजरना पड़ रहा है। महत्वपूर्ण शिक्षण संस्थानों, तहसील कार्यालय और प्रमुख प्रेस कार्यालयों को जोड़ने वाले बलदेव बाग मार्ग पर भी जानलेवा गड्ढे बने हुए हैं, जिनमें बारिश का पानी भरा रहता है। रात के अंधेरे में वाहन चालक इनमें गिरकर चोटिल हो रहे हैं। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, पोला और आगामी गणेश चतुर्थी जैसे प्रमुख त्योहारों के समय सड़कों की यह दुर्दशा नागरिकों के लिए भारी परेशानी का सबब बनी हुई है।

> शहर की कई प्रमुख सड़कें नगर निगम के अधीन न होकर लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की हैं। पीडब्ल्यूडी द्वारा बजट के अभाव में हाथ खड़े किए जाने के बाद अब नगर निगम ने स्वयं पहल करते हुए शहर की गड्ढायुक्त सड़कों पर पैचवर्क (पैकिंग वर्क) का कार्य प्रारंभ कर दिया है।
>
> **जी.आर. मरकाम, आयुक्त, नगर पालिक निगम राजनांदगांव**

## पहला कॉलम...

### नगर देवांगन समाज चुनाव : राहुल देवांगन 31 वोटों से विजयी, संभाली नगर अध्यक्ष पद की कमान



**राजनांदगांव (दावा)।** नगर देवांगन समाज के संगठनात्मक चुनाव शांतिपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुए। इस चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए राहुल देवांगन और शोभाराम देवांगन के बीच सीधा मुकाबला था। जिसमें राहुल देवांगन ने भारी मतों से जीत दर्ज कर नगर देवांगन समाज के अध्यक्ष पद पर कब्जा जमाया। मतदान प्रक्रिया संपन्न होने के बाद हुई मतगणना में राहुल देवांगन को कुल 41 मत प्राप्त हुए। वहीं प्रतिद्वंद्वी प्रत्याशी शोभाराम देवांगन को 10 मत मिले। इस तरह 31 मतों के भारी अंतर से राहुल देवांगन को निर्वाचित घोषित किया गया। परिणामों की घोषणा के बाद समाज के पदाधिकारियों व सदस्यों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष राहुल देवांगन का फूल-मालाओं और आतिशबाजी के साथ स्वागत किया तथा उन्हें जीत की बधाई दी। अपने निर्वाचन पर राहुल देवांगन ने सभी सामाजिक बंधुओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज ने उन पर जो भरोसा जताया है। वे उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे और समाज के उत्थान, एकता व विकास कार्यों को प्राथमिकता देंगे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सामाजिक जन उपस्थित रहे।

### आप जो भी अनुष्ठान करें उसके प्रति सच्ची श्रद्धा होनी चाहिए : समयप्रभ सागर

**इंद्रियों का पोषण नहीं, दमन करना सीखें; चातुर्मासिक प्रवचन में मुनि श्री ने दिया संयम का संदेश**



राजनांदगांव (दावा)। खरतर गच्छाधिपति मणिप्रभ सागर जी के सुशिष्य मुनि श्री समयप्रभ सागर जी ने कहा कि व्यक्ति जो भी धार्मिक अनुष्ठान या तप-साधना करे, उसके प्रति उसकी निष्ठा और श्रद्धा सच्ची होनी चाहिए। जब तक साधना में पूर्ण एकाग्रता नहीं होगी, तब तक उसका यथार्थ फल प्राप्त नहीं हो सकता। ज्ञान वल्लभ उपाश्रय भवन में चल रही चातुर्मासिक प्रवचन श्रृंखला के दौरान मुनि श्री ने कहा कि कई बार लोग तपस्या तो करते हैं, लेकिन उनका ध्यान निरंतर पारणा (तप पूर्ण होने के बाद भोजन) की ओर लगा रहता है। इस मनोवृत्ति के कारण तप का समुचित आध्यात्मिक लाभ नहीं मिल पाता।

मीडिया प्रभारी विमल हाजरा के अनुसार, मुनि श्री ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमें इंद्रियों का पोषण करने के बजाय उन पर नियंत्रण और संयम रखना सीखना चाहिए। इंद्रियों के प्रति अत्यधिक आसक्ति ही आत्मा को उसके वास्तविक मार्ग से भटकाती है। भोजन का संस्कार तो जीवों को जन्म-जन्मांतर से प्राप्त है, किंतु विवेकवान व्यक्ति वही है जो इंद्रिय सुखों की लालसा से बचकर आत्म-नियंत्रण साधे। मुनि श्री ने कहा कि मनुष्य का व्यवहार ही समाज को सही संदेश देता है। उन्होंने श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि वे अपनी आस्था को दृढ़ रखें, क्योंकि सच्ची आस्था ही आत्मसंयम की जननी है। जागरूक बनकर परमात्मा की वाणी का निरंतर चिंतन-मनन करने से ही जीवन में परम लक्ष्य की प्राप्ति संभव है।

### चाकू दिखाकर गाली-गलौज व डराने-धमकाने वाला आरोपी गिरफ्तार



**राजनांदगांव (दावा)।** चिखली पुलिस चौकी ने क्षेत्र में दहशत फैलाने और चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी देने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से धारदार लोहे का चाकू बरामद कर उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट सहित विभिन्न धाराओं के तहत वैधानिक कार्रवाई की है। चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक कैलाश चंद्र मरई ने बताया कि प्रार्थी ने चौकी आकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि आरोपी अज्जू साहू ने उसके घर पहुंचकर मेरे खिलाफ शिकायत क्यों करते हो कहते हुए गाली-गलौज की और धारदार चाकू लहराते हुए जान से मारने की धमकी दी। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 296, 351(2) तथा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की।

# सड़क हादसों की रोकथाम : नगर निगम का मवेशी धर-पकड़ व रेडियम पट्टी लगाने का अभियान जारी

**घायल मवेशियों को इलाज के लिए भेजा गया आरोग्यम गौशाला, पशुपालकों पर लगेगा जुर्माना**



**राजनांदगांव (दावा)।** नेशनल हाईवे और शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए कलेक्टर जितेंद्र यादव के निर्देश पर नगर निगम द्वारा विशेष मवेशी धर-पकड़ अभियान चलाया जा रहा है। नगर निगम आयुक्त जी.आर. मरकाम स्वयं मौके पर पहुंचकर अभियान की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। निगम की टीम प्रतिदिन प्रमुख मार्गों, ओवरब्रिज व चौराहों से आवारा पशुओं को पकड़ने के साथ-साथ उनके गले में रेडियम बेल्ट और सींगों पर रिफ्लेक्टिव टेप लगा रही है, ताकि रात के अंधेरे में वाहन चालकों को दूर से ही मवेशी नजर आ सकें। इसके अलावा निदान 1100 और मुख्यमंत्री हेल्पलाइन से प्राप्त शिकायतों के आधार पर भी कार्रवाई की जा रही है।

### 7 मवेशी भेजे गए कांजी हाउस, लगेगा जुर्माना

आयुक्त की मौजूदगी में चलाए गए अभियान के दौरान मोहारा पुल, सिंगदई चौक, नंदई चौक, लालबाग और पीटीएस के सामने से 7 मवेशियों को पकड़कर रेवाड़ीह कांजी हाउस भेजा गया। इन मवेशियों को छुड़ाने पर पशुपालकों से 570-570 रुपये प्रति मवेशी अर्थदंड वसूला जाएगा। इसके साथ ही पाताल भैरवी मंदिर के पास एवं फरहद चौक ओवरब्रिज पर दुर्घटना में घायल हुए मवेशियों को रेस्क्यू कर उपचार के लिए आरोग्यम गौशाला भेजा गया। निगम आयुक्त जी.आर. मरकाम ने पशुपालकों से अपील की है कि वे बरसात के मौसम में हादसों से बचाव के लिए अपने जानवरों को तय स्थानों पर बांधकर रखें और उन्हें सड़कों पर खुला न छोड़ें। उन्होंने चेतावनी दी कि नियमों की अनदेखी करने वाले पशुपालकों के खिलाफ लगातार जब्ती और अर्थदंड की दंडात्मक कार्रवाई जारी रहेगी।

### बाबा बैजनाथ धाम के लिए राजनांदगांव से रवाना हुई कांवड़ियों की टोली : 800 श्रद्धालु करेंगे जलाभिषेक

राजनांदगांव(दावा)। राजनांदगांव से सुप्रसिद्ध तीर्थ स्थल बाबा बैद्यनाथ धाम (देवघर) के लिए कांवड़ यात्रियों के रवाना होने का सिलसिला निरंतर जारी है। इसी कड़ी में श्री मिथिला धाम गणेश हनुमान मंदिर से 200 कांवड़ीयों का एक जत्था दुर्ग-पटना साउथ बिहार एक्सप्रेस से बाबा धाम के लिए रवाना हुआ। कांवड़ यात्रा के तहत इससे पहले 29 और 30 तारीख को भी करीब 500 श्रद्धालुओं का दल बाबा धाम के लिए प्रस्थान कर चुका है। वहीं, मंदिर से जुड़े श्रद्धालुओं का अंतिम जत्था 1 तारीख की सुबह रवाना होगा। इस प्रकार राजनांदगांव से कुल 800 कांवड़ यात्री देवघर पहुंचकर कृष्ण जन्माष्टमी से लेकर आगामी दो-तीन दिनों तक बाबा बैजनाथ का जलाभिषेक व जल निस्तार करेंगे। यात्रा को लेकर कांवड़ यात्रियों में भारी उत्साह देखा जा रहा है और पूरा वातावरण 'हर-हर महादेव' एवं 'बोल बम' के जयकारों से गूंज उठा है।

# श्रीकृष्ण जन्मोत्सव को लेकर यादव समाज की अंतिम बैठक संपन्न





**3 सितंबर को बाइक रैली व 4 को निकलेगी भव्य शोभायात्रा**

**राजनांदगांव (दावा)।** नगर कोसरिया यादव समाज द्वारा श्रीकृष्ण जन्मोत्सव को धूमधाम और हर्षोल्लास से मनाने के लिए आयोजित बैठकों के क्रम का समापन भरकापारा स्थित सामुदायिक भवन में हुआ। 26 जुलाई से बसंतपुर से शुरू हुआ बैठकों का यह सिलसिला शहर के विभिन्न वार्डों में निरंतर चला और 30 अगस्त को अंतिम बैठक के साथ संपन्न हुआ। बैठक की शुरुआत भगवान श्रीकृष्ण की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ की गई। इस दौरान समाज के पदाधिकारियों ने शोभायात्रा और पालकी यात्रा को आपसी भाईचारे, सद्भाव व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। 3 सितंबर को दोपहर 2:30 बजे स्टेट हाईस्कूल मैदान से भव्य बाइक रैली निकाली जाएगी, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए वापस स्टेट हाईस्कूल में संपन्न होगी। 4 सितंबर को दोपहर 1 बजे महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल से भगवान श्रीकृष्ण की मनोहारी झांकियों के साथ भव्य शोभायात्रा एवं पालकी यात्रा निकाली जाएगी। जिसका समापन गुरुद्वारा चौक में होगा। कोलकाता में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय कराते प्रतियोगिता 2026 में स्वर्ण पदक जीतकर शहर और समाज का नाम रोशन करने वाली ममता नगर तुलसीपुर निवासी कु. काजल यादव (पिता शंकर यादव) को समाज द्वारा शाल, श्रीफल एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। बैठक में जिला महिला अध्यक्ष शीला यादव, जिला युवा अध्यक्ष हरीश यादव, नगर अध्यक्ष सूरज यादव, नगर महिला अध्यक्ष मधु यादव, कोषाध्यक्ष विजय यादव, संगठन प्रभारी भोला यादव, संरक्षक मंजू यादव, केसर यादव, मीना दिलीप यादव, हिरौंदी यादव, भागोबाई यादव, कीर्ति यादव, अंजु यादव, मन्नू यादव, पूर्व नगर अध्यक्ष राजेश कुमार यादव, दिलीप यादव, सुरेश यादव, शेखर यादव, मंच संचालक राजीव यादव, धरम यादव, दुष्यंत यादव, रेखू यादव, अर्जुन यादव, मुकेश यादव, वासुदेव यादव, शैलेंद्र यादव, भूपेंद्र यादव, नारायण यादव, बसंत यादव एवं शंकर यादव सहित बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित रहे।

# अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार



**राजनांदगांव (दावा)।** आगामी त्योहारों के मद्देनजर शहर को नशा मुक्त बनाने एवं असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से चिखली पुलिस चौकी ने अवैध शराब बिक्री के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन एवं वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से दो आरोपियों को रंगेहाथ पकड़कर उनके कब्जे से देशी शराब और बिक्री की रकम बरामद की है।

चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक कैलाश चंद्र मरई ने बताया कि 30 अगस्त की रात मुखबिर से मिली सटीक सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने गठुला नाला के पास घेराबंदी की। वहां से संदेही सिकंदर पारधी (33 वर्ष), पिता दुकलहा पारधी, निवासी बाजार चौक ग्राम बोईरडीह को पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से 32 पौवा देशी प्लेन 'शोल' शराब (कीमत 2,560 रुपये) जब्त की गई। पूर्व में भी आपराधिक रिकॉर्ड वाले इस आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। इसी क्रम में 31 अगस्त को पुलिस ने दीनदयाल नगर बिजली ऑफिस के पास दबिश देकर गौतम साहू (21 वर्ष), पिता स्व. दिनेश साहू, निवासी ग्राम नयाढाबा वार्ड नं. 04 (थाना लालबाग) को पकड़ा। तलाशी लेने पर आरोपी के पास से 20 पौवा देशी प्लेन शराब (कीमत 1,600 रुपये) और शराब बिक्री की 250 रुपये नगद राशि बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ धारा 34(1)(ख) आबकारी एक्ट के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई।

# 'यादें मुकेश' में गूंजे अमर नगमे : 58 वर्षों की संगीत साधना के लिए गायक जेड. रहमान का नागरिक अभिनंदन



राजनांदगांव (दावा)। लेबर कॉलोनी स्थित सामुदायिक भवन में संगीत प्रेमियों और संगीत सरिता के तत्वावधान में महान पार्श्वगायक स्व. मुकेश की 50वीं पुण्यतिथि पर यादें मुकेश स्वर-श्रद्धांजलि कार्यक्रम का गरिमामय आयोजन हुआ। इस अवसर पर अंचल के ख्यातिलब्ध गायक जेड. रहमान को उनके 58 वर्षों (1968 से 2026) के सुदीर्घ गायन सफर और मुकेश के नगमों को जीवंत रखने के लिए शाल, श्रीफल व स्मृति चिन्ह भेंट कर भावभीना नागरिक अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने की, जबकि महापौर मधुसूदन यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में पार्षद मनोहर यादव और सावन वर्मा मंचासीन थे।

### सदाबहार गीतों से बंधा समां, महापौर की प्रस्तुति ने मोहा मन

संगीतमय संध्या का आगाज जेड. रहमान ने मैं तो हर मोड़ पर तुझको दूंगा सदा... गीत से किया। इसके बाद संगीत सरिता के कलाकार राजकुमार शर्मा, योगेश अग्रवाल, मनोज गुप्ता, मनोज ओस्तवाल, सुभाष कोठारी, प्रदीप औठनकर, गफ्फार खान और मनोहर यादव ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दीं। श्रोताओं के आग्रह पर महापौर मधुसूदन यादव ने भी अब के बरस तुझे धरती की रानी कर देंगे... गीत गाकर महफिल में समां बांध दिया। लेबर कॉलोनी के मुकेश के नाम से विख्यात जेड. रहमान का सम्मान करने कई संगठन पहुंचे। इनमें ईपीएस 95 महिला पेंशनर समूह, बीएनसी मिल सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ, ईपीएस 95 जिला संगठन, जिला सहकारी बैंक सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ, मकान स्वामित्व समिति, इंटक और संगीत सरिता परिवार शामिल रहे। अतिथियों और वार्ड पार्षद संतोष पिल्ले की ओर से उन्हें विशेष स्मृति चिन्ह व शाल भेंट की गई। महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि जेड. रहमान जब गाते हैं तो साक्षात मुकेश जी की छवि उभर आती है। नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने कहा कि रहमान जी की जादुई आवाज पूरे अंचल का गौरव है। अंत में पूर्व एल्डरमैन एजाज उर रहमान ने सभी अतिथियों, कलाकारों व संगीत प्रेमियों का आभार व्यक्त किया।

# गुजराती स्कूल के विद्यार्थियों का संभाग स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में चयन



### अंडर-14 वर्ग में होमेश्वरी पटेल और ओमकार ढीमर ने लहराया परचम

**राजनांदगांव (दावा)।** जिला शिक्षा अधिकारी, राजनांदगांव द्वारा अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2026-27 के अंतर्गत तैराकी स्पर्धा में गुजराती राष्ट्रीय अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर स्कूल की कक्षा 7वीं की छात्रा होमेश्वरी पटेल (बालिका वर्ग, अंडर-14) और कक्षा 9वीं के छात्र ओमकार ढीमर (बालक वर्ग, अंडर-14) का चयन आगामी संभाग स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता के लिए हुआ है। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर संस्था के अध्यक्ष विनय पटेल, उपाध्यक्ष पवन पटेल, सचिव सीए रूपम सोनछात्रा, कोषाध्यक्ष हिमांशु पटेल, कार्यकारिणी सदस्य सूरज बुद्धदेव, पीयूष पटेल सहित प्राचार्या सुषमा शुक्ला, उपप्राचार्या अर्पणा श्रीवास्तव तथा स्पोर्ट्स टीचर अनुसुईया साहू व सुधा साहू ने दोनों खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की है।

## अनमोल 'दावा'

दुनिया में किसी को भी छोटा या बेकार मत समझना, क्योंकि जो पेड़ फल नहीं देता वह छाया जरूर देता है

## सम्पादकीय

### अमेरिका-ईरान युद्ध से वैश्विक अर्थतंत्र जोखिम में, न ही कोई जीता और न ही कोई हारा

ईरान विरूद्ध ईजराइल-अमेरिका युद्ध से विश्व भर में भारी आर्थिक संकट गहराया है। विगत छह माह से चल रहे युद्ध का अंत कब होगा? इसे कोई नहीं जानता। तीनों ही देशों ने अपने हितों के मद्देनजर पूरे विश्व को हलाकान कर रखा है। परमाणु कार्यक्रम और क्रूड के नाम पर एक दूसरे के विरूद्ध भिड़ने वाले अमेरिका और ईरान थक गए हैं, किन्तु, हार मानने को कोई तैयार नहीं हैं। दूसरी ओर, ईरान और कथित इस्लामिक आतंकवाद को कुचलने वाले ईजराइल के मंसुबे में परिवर्तन होगा? यह सवाल है। छह माह के बाद क्रूड और गैस की कीमत विश्व भर में आसमान छू रही है। एशिया और यूरोप के अरबों डालर का व्यापार ठप्प हो गया है। ईरान तो आर्थिक रूप से कंगाल ही हो गया है। दूसरी ओर, इजराइल में नेतन्याहू विरूद्ध और अमेरिका में ट्रम्प विरूद्ध जनाक्रोश बढ़ रहा है।

हाल ही, अमेरिका और इजराइल ने ईरान पर हमला शुरू किए 6 माह बाबत यह कि, डोनाल्ड ट्रम्प ने लिटर एक्जर्सन बताया था। यह युद्ध अब ऐसी फांस बन गया है, जो सतत् डोनाल्ड ट्रम्प को चुभ रहा है। दूसरी ओर, अमेरिका में उसका सर्वोच्च पद भी डांवाडोल हालात में है।

उल्लेखनीय कि, ईरान ने आत्मसमर्पण नहीं किया है। इसके अलावा, हार्मुज की खाड़ी में शिपिंग व्यवहार अभी भी गंभीर स्थिति में है। जिस ट्रम्प ने 4 सप्ताह में युद्ध समाप्त होने की बात की थी, उसका 6 माह बाद भी समाधान नहीं हुआ है। अब आगे क्या होगा? यह भी साफ नहीं है। परन्तु, अमेरिका, ईरान और वैश्विक आर्थिक व्यवहार के लिए युद्ध के गंभीर परिणाम आने की संभावना है। इस युद्ध में प्रत्येक देश और उनके नेताओं को अपने-अपने प्रकार से कीमत चुकानी पड़ेगी, इतनी तो समझ आ गई है। उक्त तीनों ही देश की निर्दोष जनता अकारण त्रासदी भोग रही है। सम्पूर्ण विश्व का व्यापार भी बेवजह गंभीर परिणाम भुगत रहा है।

इन तीनों का युद्ध जितना लम्बा चलेगा, उसका सबसे ज्यादा राजनैतिक खामियाजा डोनाल्ड ट्रम्प को ही भुगतना होगा। यह युद्ध शुरूवात से ही समझ में आ रहा था कि बेवजह फिजुल हो रहा है। अमेरिका में भी ट्रम्प की एप्रुवल रेटिंग 40 प्रतिशत से घटकर 33 प्रतिशत हो गई है। युद्ध का अंत लाने के अपने कथन पर प्रचार करने वाले ट्रम्प ने ऐसी दलील दी थी कि ईरान के मिसाईल भंडार और परमाणु महत्वाकांक्षा के सामने युद्ध करना अनिवार्य था। परन्तु, लोगों में अब उनके लिए नाराजगी बढ़ रही है। अब, युद्ध विशेषज्ञों का मानना है कि, यह अनिर्णीत युद्ध, वैश्विक मूल्यवृद्धि और अन्य समस्याओं के कारण नवम्बर में होने वाले मिडटर्म इलेक्शन में ट्रम्प और उसकी पार्टी को कठिनाई में डालेंगे, ऐसे आसार हैं। दूसरी ओर, इजराईल में भी नवम्बर में चुनाव होने हैं। उसमें नेतन्याहू का पलड़ा डांवाडोल दिखाई दे रहा है। ईरान के सामने उचित कदम न उठाने को लेकर वहां की जनता और नेता नाराज हैं।

इस युद्ध के सिक्के का दूसरा चित्र यह है कि युद्ध से ईरान की सेना, शस्त्रों और अर्थतंत्र को भारी नुकसान हुआ है। परन्तु, तेहरान अभी भी हमला कर सकता है। वह हार्मुज की खाड़ी बंद रख सकता है। अमेरिका को भी इस युद्ध के कारण जल सेना के जहाजों व एयर डिफेन्स के कीमती शस्त्रों से हाथ धोना पड़ा है।

ईरान के लिए चिन्ताजनक यह कि इस युद्ध में बड़े पैमाने पर उसकी जन-धन की हानि हुई है। पूरा अर्थतंत्र ठप हो गया है। वहां आर्थिक संकट गहराया है। अमेरिका-ईजराइल युद्ध का आशय ईरान को पश्चिम एशिया में कमजोर करना था। किन्तु, जानकारों का मानना है कि, इस युद्ध से तेहरान ज्यादा मजबूत और साहसिक बना है। बाकी के देश असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। ईरान ने अपनी क्षमता साबित कर दी है और खाड़ी देशों ने अमेरिका पर भरोसा किया वे अब पछता रहे हैं।

# महतारी के आशीष से, राखी के विश्वास से मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में महिलाओं के सम्मान, स्वावलंबन और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में निरंतर पहल

एल.डी. मानिकपुरी



2026 को महतारी गौरव वर्ष के रूप सदैव याद किया जाएगा

छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान मातृशक्ति के सम्मान और नारी शक्ति के प्रति आदर की परंपरा से जुड़ी हुई है। मां दंतेश्वरी, मां बम्लेश्वरी, मां महामाया और मां चंद्रहासिनी की आस्था से लेकर माता कौशल्या की धरती तक, छत्तीसगढ़ में मातृशक्ति सदैव सामाजिक जीवन के केंद्र में रही है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा, आर्थिक सशक्तीकरण और स्वावलंबन को प्राथमिकता देते हुए विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन कर रही है। वर्ष 2026 को 'महतारी गौरव वर्ष' के रूप में मनाया जाना इसी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली सरकार के 30 माह के कार्यकाल में महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण के लिए महतारी वंदन योजना महत्वपूर्ण पहल के रूप में सामने आई है। योजना के अंतर्गत प्रदेश की करीब 68 लाख विवाहित महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रुपये की आर्थिक सहायता सीधे उनके बैंक खातों में अंतरित की जा रही है। इससे महिलाओं को अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के साथ-साथ परिवार के आर्थिक निर्णयों में अधिक भागीदारी का अवसर मिल रहा है।

### रक्षाबंधन से पहले बहनों को आर्थिक संबल

रक्षाबंधन के पावन पर्व के अवसर पर राज्य सरकार ने महतारी वंदन योजना की 31वीं किस्त की राशि का अंतरण किया। 25 अगस्त को बालोद जिले में आयोजित कार्यक्रम में करीब 68 लाख महिलाओं के बैंक खातों में लगभग 631 करो? रुपये की राशि अंतरित की गई। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि सरकार की मंशा है कि प्रदेश की माताएं-बहनें आर्थिक रूप से सशक्त बनें, अपने छोटे-बड़े निर्णय स्वयं ले सकें और अपने त्योहारों को पूरे उत्साह एवं सम्मान के साथ मना सकें। रक्षाबंधन से पहले खातों में पहुंची यह राशि महिलाओं के लिए आर्थिक संबल के साथ पर्व की खुशियों में सरकार की सहभागिता का संदेश भी लेकर आई।

### 'स्नेह की डोर' कार्यक्रम में दिखा आत्मीयता और सम्मान का भाव

विगत दिनों रक्षाबंधन के अवसर पर रायपुर में आयोजित 'स्नेह की डोर' कार्यक्रम में स्कूली बेटियों, दिव्यांग बेटियों और महिला स्व-सहायता समूहों की दीदियों ने केंद्रीय सुरक्षा बलों, सेना और पुलिस के जवानों की कलाइयों पर रक्षा सूत्र बांधे। कार्यक्रम में सुरक्षा बलों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता का भाव दिखाई दिया। कार्यक्रम का भावुक क्षण उस समय आया, जब वर्ष 2017 में रक्षाबंधन के ठीक एक दिन पूर्व नक्सली मुठभेद में वीरगति को प्राप्त हुए शहीद उपनिरीक्षक श्री युगल किशोर वर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती माधुरी वर्मा ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की कलाई पर राखी बांधी।

### प्रदेश की बहनों के लिए सुरक्षा और विश्वास का सबसे बड़ा उपहार

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि राखी का यह धागा भाई-बहन के स्नेह के साथ-साथ शहीद परिवार के विश्वास और अपनत्व का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ को नक्सलवाद के आतंक से मुक्त कराने के लिए सुरक्षा बलों ने अदम्य साहस का परिचय दिया है। अनेक जवानों ने राष्ट्र और प्रदेश की सुरक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नक्सलवाद के अंत की ओर बढ़ता छत्तीसगढ़ प्रदेश की बहनों के लिए सुरक्षा और विश्वास का सबसे बड़ा उपहार है। सरकार का प्रयास है कि नक्सल हिंसा के कारण किसी बहन का सुहाग न उजड़े, किसी मां को अपना बेटा न खोना पड़े और किसी बहन को अपने भाई की सुरक्षा की चिंता न सताए।

### महिला स्व-सहायता समूहों से बड़ा आत्मनिर्भरता का दायरा

राज्य में महिला स्व-सहायता समूहों के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक गतिविधियों से जोड़ने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। प्रदेश में 2 लाख 42 हजार से अधिक महिला स्व-सहायता समूहों से करीब 30 लाख महिलाएं जुड़ी हुई हैं। लखपति दीदी अभियान के माध्यम से महिलाओं को स्वरोजगार और आय के स्थायी साधनों से जोड़ने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। प्रदेश में 13 लाख 85 हजार महिलाएं लखपति दीदी बन चुकी हैं। इससे महिलाओं की आर्थिक स्थिति मजबूत होने के साथ-साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था में उनकी भागीदारी भी बड़ी है। महिला स्व-सहायता समूहों की महिलाएं स्थानीय स्तर पर विभिन्न उत्पादों का निर्माण एवं विपणन कर रही हैं। इससे उन्हें आय के अवसर प्राप्त हो रहे हैं और वे परिवार के साथ-साथ गांव के विकास में भी सक्रिय भूमिका निभा रही हैं।

महतारी वंदन योजना की राशि रक्षाबंधन से पहले प्राप्त होने पर प्रदेश के विभिन्न जिलों की महिलाओं ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त किया। सुकमा से कोरिया और राजनांदगांव से रायगढ़ तक प्रदेश के विभिन्न अंचलों की महिलाओं ने मुख्यमंत्री के प्रति स्नेह और विश्वास व्यक्त करते हुए उन्हें बड़े भाई के रूप में सम्मान दिया। महिलाओं ने कहा कि महतारी वंदन योजना से उन्हें अपनी दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति में सहायता मिल रही है। आर्थिक सहायता ने उनमें आत्मविश्वास बढ़ाया है और परिवार की आवश्यकताओं के लिए उन्हें अधिक सक्षम बनाया है।

### राज्य सरकार महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और स्वावलंबन के लिए प्रतिबद्ध

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेश की नारी शक्ति के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि महिलाओं का सम्मान, स्वावलंबन और समृद्धि राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। सरकार महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने तथा उन्हें विकास की मुख्यधारा में आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। महतारी वंदन योजना, महिला स्व-सहायता समूहों और लखपति दीदी जैसे प्रयासों से छत्तीसगढ़ में नारी शक्ति को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में नई संभावनाएं तैयार हो रही हैं। रक्षाबंधन के अवसर पर बहनों के खातों में पहुंची सहायता राशि ने इस विश्वास को और मजबूत किया है कि राज्य सरकार महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और स्वावलंबन के लिए प्रतिबद्ध है।

सहायक जनसंपर्क अधिकारी

# बॉलीवुड में दिग्गज का मतलब चालबाज: तनुश्री



तनुश्री पिछले दिनों अपनी शादी की बात को लेकर चर्चा में रहीं। उन्होंने एक पोस्ट शेयर किया था, जिसमें उन्होंने कहा कि उन्हें एक 90 साल के साधक ने बताया है कि वह दिसंबर में शादी के बंधन में बंधेंगी और एक बेटे की मां बनेंगी। अब तनुश्री दत्ता एक बार फिर चर्चा में हैं। इस बार एक्ट्रेस ने एक पोस्ट साझा करते हुए इंडस्ट्री के दिग्गजों पर निशाना साधा है। तनुश्री ने एक पोस्ट शेयर किया है, जिसमें उन्होंने कहा कि बॉलीवुड में दिग्गज का मतलब चालबाज है।

अभिनेत्री ने लोगों को सावधान करते हुए आगे लिखा- कभी भी किसी व्यक्ति पर सिर्फ उनकी उम्र को देखते हुए भरोसा न करें। कुछ बहुत बुरे और नकारात्मक लोग होते हैं, जिनके मन में युवाओं के लिए बुरी और खतरनाक मंशा होती है वे भी वेटरन की श्रेणी में आते हैं। ऐसे दिग्गज लोग युवा और सुविधा-संपन्न लोगों से नफरत करते हैं और उन्हें बर्बाद करने के लिए कुछ भी कर सकते हैं। बॉलीवुड में ऐसा बार-बार देखा गया है। आत्माओं और दिव्यता को पहचानें। राक्षस भी वेटरन होते हैं! कुछ इंसान राक्षसों और असुरों के अवतार होते हैं जिनका मकसद मानवता को गुमराह करना होता है। मैंने एक बड़ा सबक सीखा। उन्होंने सवाल उठाया है कि किसी का सिर्फइसलिए सम्मान क्यों करना, क्योंकि वे उम्र में बड़े हैं। बॉलीवुड में अपने सफर को याद करते हुए उन्होंने कहा कि लोगों का बिना-सोचे समझे सम्मान करने की जगह उनके कैरेक्टर को परखना चाहिए। तनुश्री दत्ता ने बॉलीवुड पर निशाना साधते हुए अपने पोस्ट में लिखा- पनौती का मतलब अपशकुन या दुर्भाग्य लाने वाला होता है। कुछ लोग जहां भी जाते हैं, अपने साथ अपशकुन या दुर्भाग्य लाते हैं। बुरे लोगों को सजा मिलनी चाहिए, न कि समर्थन और न ही उनसे मेल-जोल से बढ़ावा दिया जाना चाहिए। नेताओं और प्रशासकों को अपने निजी मेल-जोल के लिए जिम्मेदारी लेनी चाहिए। महादेव ने मुझे इसी बारे में एक सपना दिखाया था! जब आप बहुत गलत लोगों या चीजों से जुड़ते हैं, तो सही चीजें नहीं हो सकतीं। कुछ साल पहले इस पनौती ने मेरा चमचमाता करियर बर्बाद कर दिया। (हिफी)

# मेरे तो श्यामप्रभु, मैं श्याम की, दूसरा न कोई



गुरूमां की भक्ति, प्रेम और समर्पण की भक्ति थी वे श्रीश्यामप्रभु को केवल भगवान मान कर पूजा नहीं करते थे बल्कि उन्हें अपना प्रियतम, स्वामी और जीवन का सर्वोच्च मानते थे उनके लिए श्यामप्रभु से बात करना बहुत स्वाभाविक था मां के भजनों में भक्ति का पूरा सार था। मेरे तो श्यामप्रभु, मैं श्याम की दूसरा न कोई। मां कहते कि भगवान के प्रति सच्ची श्रद्धा का सार एक ही है भगवान को पाने के लिए दिखावा नहीं, अपना मन पूरी तरह भगवान के चरणों में सौंप दो।

गुरूमां गृहस्थ जीवन में रहते हुये भी अपना पूरा जीवन श्यामप्रभु को अर्पित कर देने की बहुत सुन्दर सिख दी है कि कैसे गृहस्थ जीवन में रह कर भी प्रभु से प्रेम किया जा सकता है। हमारी गुरूमां ने श्यामप्रभु के लिए अनेको भावपूर्ण भजन लिखे उनके भजनों में भक्त के हृदय की सच्ची अनुभूति थी श्याम के प्रति गहरा प्रेम, उनसे मिलने की तीव्र तड़प, मिलन की मधुर अनुभूति और कभी-कभी अपने प्रियतम प्रभु से कि गई भोली सी शिकायत भी! वे उनसे अपने मन की हर बात कहती थी, कभी प्रेम से उन्हें पुकारती थी, कभी विरह से व्याकुल होकर रोती और कभी शिकायत करती। गुरूमां के भजनों में श्याम के प्रति प्रेम अत्यंत सरल, निर्मल और समर्पित था यह प्रेम किसी संसारिक इच्छा पर आधारित नहीं था वे श्रीश्याम से धन, यश या सुख नहीं मांगते थे बल्कि वे तो केवल श्याम के समीप रहना चाहते थे। उनके भजनों में विरह केवल दुःख नहीं था बल्कि प्रेम की गहराई थी। जहां उनके भजनों में विरह की पीड़ा थी वहीं श्रीश्याम के मिलन की अनुभूति भी उतनी ही मधुर थी। जब उन्हे भजन, ध्यान या नाम स्मरण में श्रीश्याम की उपस्थिति महसुस होती तब उनका मन आनंद से भर जाता था वे कहती थी कि श्याम का मिलन केवल आंखों से दर्शन होना नहीं है! जब से आँखों से आंसू आये और भीतर हृदय गिला हो जाये और लगे प्रभु तुम्हारे साथ, पास है वहीं सच्ची भक्ति है। गुरूमां के भजन हमें सिखाते है कि सच्ची भक्ति में केवल मधुर शब्द नहीं होते बल्कि हृदय की सच्चाई होती है कभी प्रभु को प्रेम से पुकारना है, कभी विरह में रोना है, कभी मिलन से आनंदित होता है और कभी अपनेपन से शिकायत भी करता है। यह जयंती दासीश्यामप्रभु के मिलन की जयंती है जो कि बच्चों के जीवन का सबसे बड़ा उत्सव है ऐसी अवतारी मां को हमारा सत् सत् नमन!

श्रीदासीश्याम मंडल, राजनांदगांव

## सामयिक चर्चा

### ट्रम्प का नया नाम मिट्ठू!

खबर पढ़कर, मजा लेकर
बानी बोले - गजाधर !
हमें एक मनोरंजक समाचार
पढ़ने में आया।
डोनाल्ड ट्रम्प ने खुद को
अमेरिका का
सबसे महान राष्ट्रपति बताया।
मालूम गजाधर! ट्रम्प ने
अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म
ट्रुथ सोशल पर राष्ट्रपतियों की
एक रैंकिंग शेयर की।
उसमें खुद को सबसे ऊपर रखकर
पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा
और जो बाइडेन को
फेलियर वाली लिस्ट में जगह दी।
यह खबर पढ़कर
हम तो रह-रहकर हंसते हैं।
गजाधर! इस पर, आप क्या कहते हैं ?
गजाधर, मुस्कराए, बोले - बानी !
अपने देश भारत में हम लोग
ऐसे परम अहंकारी का नाम
रावण या कंस रखते है।
और देखना, अब कल अमेरिका में
ऐसा समय आएगा,
जब वहां के परम अहंकारी को
ट्रम्प कहा जाएगा।
पर आज हम ट्रम्प का
एक नया नाम मिट्ठू रखते है।
और खुद को सबसे
महान कहने वाले को अपने
मुँह मिया मिट्ठू कहते है।
सोमवार 31 अगस्त 2026



गिरीश बख्शी

## कविता

### भईया के राखी

भाई- बहिनी के पबरीत रिसता, लहू ले जेकर नाता होथे।
बिना भाई के बहिनी हर, सुरता म अबड़ वो रोथे।
जब दुख आथे बहिन ल, तब भईया के सुरता करथे।
भाई ह राखी के करजा ल, हर बिपत म जाके हरथे।
बहिनी ह जईसे पलक हवे त, भाई ह ओखर आंखी ऐ।,
भईया के मोर.....
राखी के बंधना ल, झन समझबे डोर ।
ननपन म घुमावत राहय, पा के गली खोर ।
भाई -बहिनी के मया अमर हे, जुग जुग करही अंजोर ।
भईया मोर बर धरोहर अऊ घर परिवार के थाती ये।
भईया के मोर .....
इन्द्र इन्द्राणी के कथा सुने हन
अऊ राजबलि के कहानी ।बहिनी ल आसा रहिथे,
भईया घर के एक लोटा पानी।
ये बन्धना तो मया के होथे:मिलत
राहे सदा मीठ जुबानी ।
जईसे चिरई बर सहारा, वोकर
उड़इया पांखी ऐ,
भईया के मोर राखी ऐ।।



आंनद राम सार्वा 'अनंत'
कु.बो.भाठागांव

## राशिफल

**मेष** — आज खुद को अभिव्यक्त करने में आत्मविश्वास बना रहेगा, कोई रचनात्मक विचार भी सामने आ सकता है, इसे आगे बढ़ाइए। आज खासतौर पर जरूरी लगेगा, इसे नजरअंदाज मत कीजिए। भाई-बहन या करीबी लोगों से बातचीत में सावधानी रखें। कुछ चीजों को नजरअंदाज करें। पैसों के मामले में सामान्य स्थिति रहेगी।

**वृष राशि** — आज सामाजिक दायरे में मन थोड़ा भारी महसूस हो सकता है। समाज के काम या लोगों की अपेक्षाओं का दबाव महसूस हो सकता है। साथ ही किसी बात को लेकर निराशा जैसा एहसास भी हो सकता है। इसे सामान्य समझिए। पारिवारिक मामलों में आज आत्मविश्वास बना रहेगा, घर के किसी विषय पर बातचीत सुखद रह सकती है।

**मिथुन** — आज कामकाज के मामलों में गंभीरता से काम करने की जरूरत महसूस होगी, पर खुद पर बहुत ज्यादा दबाव मत डालिए। बिना तनाव लिए जितना काम हो सके, करने की कोशिश कीजिए। बातचीत में आज पहले से ज्यादा सहजता महसूस होगी, फिर भी सामान्य सावधानी रखिए। पैसों के मामले में सामान्य स्थिति रहेगी, बड़ा वित्तीय फैसला जल्दबाजी में मत लीजिए।

**कर्क** — आज आपके भीतर एक अलग तरह की भावनात्मक गंभीरता रहेगी। लिहाजा, किसी विषय जैसे अपने स्वंय के बारे में, घर-परिवार, मां आदि के बारे में बहुत ज्यादा सोचने से बचें। कुछ मालमों में आपको अनिश्चितता भी महसूस हो सकती है। आज कोई बड़ा फैसला या नई शुरुआत टाल दीजिए। गुरु की कृपा से व्यक्तित्व में गंभीरता रहेगी।

**सिंह** — आज बातचीत और संचार में आज पहले से राहत महसूस होगी। पैसों के मामले में स्थिति शुभ बनी रहेगी। सूर्य की स्थिरता से आत्मविश्वास बढ़ेगा। आपके व्यक्तित्व की प्रशंसा हो सकती है। टीम का नेतृत्व करने के मामले में भी आप आगे रहेंगे। आपकी बात को कोई काटेगा नहीं, आपके निर्देशन में लोग बेहतर काम करने की कोशिश करेंगे।

**कन्या** — आज जीवनसाथी या करीबी रिश्तों से जुड़े मामलों में भावनात्मक गंभीरता महसूस होगी, इसलिए आज संवेदनशील बने रहिए। अपने लिए भी अच्छी भावना रखें, निगेटिव विचारों को हावी न होने दें। भीतरी सोच में आज गहराई रहेगी, अकेले में समय बिताने से मन को राहत मिलेगी। करियर में प्रगति सामान्य रहेगी, बड़े निर्णय आज सोच-समझकर ही लीजिए।

**तुला** — आज दिनचर्या थोड़ी उलझी हुई रह सकती है और सेहत को लेकर मन में एक अलग तरह का भारीपन महसूस हो सकता है। ऐसे में स्वास्थ्य को लेकर बहुत ज्यादा चिंता मत कीजिए, सरल और आरामदायक दिनचर्या अपनाइए। सामाजिक दायरे और आमदनी से जुड़े मामलों में अच्छी प्रगति हो सकती है। अकेले वक्त में आज खुद पर संदेह महसूस हो सकता है।

**वृश्चिक** — आज कार्यक्षेत्र में आप आत्मविश्वास से काम करेंगे। करियर के मामलों में कोई अहम काम आज अच्छे नतीजे दे सकता है। रचनात्मक कामों में आज भावनात्मक गहराई के साथ काम करेंगे। ऐसे काम आपको बोझ की तरह नहीं लगेंगे, मन को शांति देने वाले होंगे। गंभीरता भी हावी हो सकती है, ऐसे में खुद पर बहुत ज्यादा दबाव मत डालिए।

**धनु** — आज पारिवारिक मामलों में भावनात्मक गंभीरता और संवेदनशीलता महसूस होगी। लिहाजा, घर में किसी बात को लेकर धैर्य बनाए रखिए। आज के दिन अपने रिश्तों को सहेजना अहम रहेगा। जीवनसाथी के साथ अच्छे से बात करें। हर बात सही या गलत नहीं होती है, कभी-कभी बीच का रास्ता भी निकालना पड़ता है। साझेदारी से जुड़े मामलों में विवाद हो सकता है।

**मकर** — आज शारीरिक-मानसिक दबाव ज्यादा रहेगा। काम की अधिकता की वजह से परेशान महसूस कर सकते हैं। मगर, सप्तम स्थान पर बैठे देवगुरु बृहस्पति आपको ज्ञान देंगे। बातचीत और संवाद के मामलों में एक अलग तरह की गंभीरता और संवेदनशीलता महसूस होगी, इसलिए आज कोई भी बड़ा फैसला, नई शुरुआत या जरूरी बातचीत पूरी तरह टाल दीजिए।

**कुंभ** — आज पैसों के मामलों में एक अलग तरह की गंभीरता महसूस होगी, इसलिए खर्च से जुड़ा कोई भी फैसला आज भावनाओं में बहकर बिल्कुल मत लीजिए, गंभीर समीक्षा के बाद ही आगे बढ़िए। रिश्तों में आज आत्मविश्वास बना रहेगा। करियर में साझेदारी को लेकर सामान्य सावधानी बरतें। आज बड़ा खर्च टालना ही बेहतर रहेगा।

**मीन** — आज भावनात्मक भारीपन ज्यादा होने से आप मानसिक रूप से परेशान महसूस कर सकते हैं। गहन आत्म-मूल्यांकन का खासतौर पर संवेदनशील दिन है। मन उदास रह सकता है या मानसिक थकान का एहसास हो सकता है। किसी करीबी से मन की बात साझा करने से हल्कापन महसूस होगा। यह भी एक दौर है, जो जल्द गुजर जाएगा।

# राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर पर खैरागढ़ में कांग्रेस का हल्लाबोल, अंबेडकर चौक से निकली विरोध रैली

खैरागढ़ (दावा)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के विरुद्ध दर्ज एफआईआर को दुर्भावनापूर्ण बताते हुए तथा उत्तराखंड में भाजपा कार्यकर्ताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर सोमवार शाम जिला मुख्यालय खैरागढ़ में कांग्रेस ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने अंबेडकर चौक पर धरना देने के बाद विरोध मार्च निकालकर अपना आक्रोश दर्ज कराया। शाम 6 बजे बड़ी संख्या में कांग्रेसजन अंबेडकर चौक पहुंचे। यहां खैरागढ़ विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा सहित कांग्रेस नेताओं ने संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद कांग्रेसजन धरने पर बैठे और 'रघुपति राघव राजा राम' का गायन करते हुए शांतिपूर्ण तरीके से विरोध जताया। धरने के पश्चात अंबेडकर चौक से कांग्रेसजनों ने विरोध रैली निकाली और राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर का विरोध करते हुए अपना विरोध दर्ज कराया।

### विपक्ष की आवाज दबाने की कोशिश - यशोदा वर्मा

खैरागढ़ विधायक यशोदा वर्मा ने कहा कि राहुल गांधी देश के सबसे बड़े लोकतांत्रिक मंच पर विपक्ष की आवाज को मजबूती से उठा रहे हैं। उनके खिलाफ दुर्भावनापूर्ण तरीके से एफआईआर दर्ज करना लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए चिंताजनक है। कांग्रेस डरने वाली नहीं है



और जनता से जुड़े मुद्दों को लेकर सड़क से सदन तक अपनी आवाज बुलंद करती रहेगी।

### बदले की राजनीति स्वीकार नहीं - कोमल साहू

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कोमल दास साहू ने कहा कि लोकतंत्र में राजनीतिक विरोध का जवाब एफआईआर और दबाव की राजनीति से नहीं दिया जाना चाहिए। राहुल गांधी के खिलाफ कार्रवाई राजनीतिक दुर्भावना का उदाहरण है। कांग्रेस संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए लगातार संघर्ष करती रहेगी।

### जनता सब देख रही है - अरुण भारद्वाज

शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अरुण भारद्वाज ने कहा कि राहुल गांधी जनता की आवाज बनकर सरकार से सवाल पूछ रहे हैं। उनकी आवाज को दबाने की कोशिश का कांग्रेस सड़क पर उतरकर जवाब देगी। उन्होंने कहा कि खैरागढ़ में आयोजित विरोध रैली कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लोकतांत्रिक संकल्प को दर्शाती है। विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने कहा कि कांग्रेस का संघर्ष किसी व्यक्ति विशेष के लिए नहीं, बल्कि लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए है। उन्होंने कहा कि विपक्ष की आवाज को दबाने की कोशिश लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए उचित नहीं है। कांग्रेस कार्यकर्ता संवैधानिक मूल्यों और जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष करते रहेंगे। विरोध प्रदर्शन में आकाश दीप सिंह गोल्डी, सज्जाक खान, सुदीप श्रीवास्तव, रिंकू गुप्ता, चंद्रेश यदु, नगर पालिका उपाध्यक्ष रज्जाक खान, मनराखन देवांगन, जितेंद्र सिंह गौर, पुरुषोत्तम वर्मा, गुलाब चोपड़ा, पूरन सारथी, यतेंद्रजीत सिंह छोटु, संत निषाद, कोमल वर्मा, शेखरदास वैष्णव, किशन रजक, शिवा यादव, दीपक बैद सहित जिला एवं ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारी, विभिन्न प्रकोष्ठों के अध्यक्ष, वरिष्ठ कांग्रेसजन और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।कांग्रेसजनों ने अंबेडकर चौक से विरोध मार्च निकालते हुए राहुल गांधी के खिलाफ दर्ज एफआईआर का विरोध किया तथा उत्तराखंड में भाजपा कार्यकर्ताओं के विरुद्ध भी एफआईआर दर्ज करने की मांग उठाई। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लोकतंत्र और संविधान की रक्षा का संकल्प दोहराया।

# सड़क पर मवेशियों का डेरा, सफर बना जानलेवा जोखिम



### राजनांदगांव-खैरागढ़ मार्ग पर आवारा पशुओं का आतंक, रात और बारिश में मंडरा रहा हादसों का खतरा

ठेलकाडीह (दावा)। राजनांदगांव से खैरागढ़ मार्ग पर सड़कों के बीचों-बीच मवेशियों का जमावड़ा वाहन चालकों के लिए गंभीर संकट बन चुका है। गठुला नाला, गठुला, बोरी, तिलई, पदुमतरा, खपरीखुर्द, चवेली और ठेलकाडीह सहित दर्जनों गांवों के संपर्क मार्गों पर दिन-रात मवेशियों के झुंड डेरा डाले रहते हैं। बारिश और अंधेरे में अचानक सामने मवेशी आ जाने से आए दिन दोपहिया व भारी वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं।

### पंचायतों की अनदेखी और प्रशासनिक सुस्ती पर सवाल

सड़कों पर लावारिस घूमते पशुओं को लेकर ग्राम पंचायतों और प्रशासन की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं। पालतू मवेशियों को खुले में छोड़ने वाले पशुपालकों पर न तो कोई ठोस कार्रवाई हो रही है और न ही निराश्रित पशुओं को सुरक्षित आश्रय तक पहुंचाने का कोई व्यवस्थित तंत्र नजर आ रहा है।

### गौठान से गौधाम तक बदली योजनाएं, पर हालात जस के तस

पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में गौठान व गोधन न्याय योजना के जरिए पशुओं के संरक्षण का दावा किया गया था, वहीं वर्तमान भाजपा सरकार ने निराश्रित पशुओं के लिए गौधाम योजना शुरू की है। इसके बावजूद योजनाएं धरातल पर उतरने के बजाय कागजों तक सीमित दिख रही हैं और सड़कों से मवेशियों का डेरा हटने का नाम नहीं ले रहा।

### गौधाम योजना पूरी तरह चरमरा गई- हर्षिता बघेल



डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने भाजपा सरकार की नीतियों पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि राज्य में गौधाम योजना केवल कागजों में है, जमीन पर कहीं नजर नहीं आ रही। कांग्रेस शासन में गौठानों के माध्यम से मवेशियों के लिए चारा-पानी की व्यवस्था थी, जिससे वे सड़कों पर नहीं आते थे। वर्तमान सरकार द्वारा गौठानों की उपेक्षा किए जाने से आज सड़कें मवेशियों का ठिकाना बन चुकी हैं और आए दिन लोग हादसों में जान गंवा रहे हैं।

## पहला कॉलम...

# आईटीबीपी जवानों को महिला पतंजलि योग समिति की बहनों ने बांधी राखी

### तिलक लगाकर और श्रीफल भेंटकर मनाया रक्षाबंधन का पावन पर्व



डोंगरगढ़ (दावा)। रक्षाबंधन के पावन पर्व के उपलक्ष्य में महिला पतंजलि योग समिति की 15 सदस्यीय टीम ने भारत-तिब्बत सीमा पुलिस के कैंप पहुंचकर जवानों के साथ रक्षाबंधन का पर्व मनाया। अशोक कुमार पाण्डेय के संयोजन में आयोजित इस कार्यक्रम में समिति की बहनों ने उपस्थित 30 जवानों के माथे पर तिलक लगाकर, दीप वंदन कर और कलाई पर पवित्र रक्षा सूत्र बांधकर उनकी दीर्घायु एवं सुरक्षा की कामना की।

इस दौरान जवानों को श्रीफल, रुमाल और मिठाई भेंटकर मुंह मीठा कराया गया। घर-परिवार से दूर देश की सेवा में मुस्तैद जवानों ने भी बहनों को सुरक्षा व स्नेह का वचन दिया। कार्यक्रम में योग शिक्षिका रूपा टेंबुरकर, गोदावरी साहू, संगीता टेंबुरकर, मीना लॉऊत्रे, नलिनी राव, श्वेता सहारे, मंजू पांडे, भारती इंदुरकर, सुनीता, बिंदु सहारे, निक्की नंदेश्वर, अशरफ जीव सहित बड़ी संख्या में समिति की महिलाएं उपस्थित रहीं।

# प्रांतीय हैंडबॉल-वॉलीबॉल प्रतियोगिता 2026 : सरस्वती विद्या मंदिर में सजा खेल प्रतिभाओं का महाकुंभ

### 300 खिलाड़ी दिखाएंगे दमखम, सांसद संतोष पांडेय बोले- शिक्षा के साथ खेल भी व्यक्तित्व निर्माण के लिए जरूरी



खैरागढ़ (दावा)। विद्या भारती छत्तीसगढ़ प्रांत के तत्वावधान में सरस्वती शिशु/उच्चतर माध्यमिक विद्या मंदिर, खैरागढ़ में आयोजित तीन दिवसीय प्रांत स्तरीय खेल प्रतियोगिता-2026 का भव्य शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पांडेय ने दीप प्रज्वलन कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। 30 अगस्त से 1 सितंबर तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए करीब 300 छात्र-छात्राएं हैंडबॉल एवं वॉलीबॉल स्पर्धाओं में अपना दमखम दिखा रहे हैं। समारोह के आरंभ में संस्था के पदाधिकारियों व शिक्षकों ने अतिथियों का तिलक लगाकर, शाल-श्रीफल, पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह भेंटकर आत्मीय स्वागत किया। वहीं छात्राओं ने सुमधुर स्वागत गीत प्रस्तुत किया।

### जो खेलेगा वो खिलेगा का दिया संदेश : संतोष पांडेय

मुख्य अतिथि सांसद संतोष पांडेय ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर में केवल किताबी ज्ञान नहीं, बल्कि संस्कारों के साथ शिक्षा दी जाती है। उन्होंने कोरोना काल में शिक्षकों द्वारा बिना वेतन दिए गए सेवाभाव का स्मरण किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश 'जो खेलेगा वो खिलेगा' और 'जो फिट है वो हिट है' का उल्लेख करते हुए सांसद ने कहा कि खेल से अनुशासन, आत्मविश्वास, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। शिक्षा के साथ-साथ खेलों में सहभागिता आज के युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है।

उद्घाटन अवसर पर भागवत शरण सिंह, प्रांतीय खेल प्रमुख दिवाकर स्वर्णकार, जिला प्रतिनिधि मनोहर चंदेल, जिला समन्वयक श्रीराम यादव, पूनम चंद साहू, प्रेम स्मृति शिक्षा समिति के अध्यक्ष मनोज गिड़िया, व्यवस्थापक प्रबल खत्री, अभय गिड़िया, गैंदमल चोपड़ा, निर्मल चोपड़ा, जनपद सदस्य शैलेंद्र मिश्रा, पार्षद सुमित टांडिया, राजीव चंद्राकर, प्रखर शरण सिंह, विद्यालय प्राचार्य जितेंद्र शर्मा, उत्तम दशरिया सहित बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं, खिलाड़ी और खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

# बीटीआई में यादगार बना स्नेह मिलन एवं सम्मान समारोह



डोंगरगांव (दावा)। नगर में संचालित बुनियादि प्रशिक्षण केन्द्र के वर्ष 2006 से 2008 बैच छात्राध्यापकों का स्नेह मिलन समारोह 30 अगस्त को हर्षोल्लास और आत्मीय वातावरण में संपन्न हुआ। वर्षों बाद एकत्रित हुए पुराने साथियों एवं गुरुजनों ने छात्राध्यापक जीवन की स्मृतियों को साझा किया और समारोह का आनंद लिया।

कार्यक्रम में उपस्थित गुरुजन शंकर वास्कले, वाय.के. गहरवार, वीरेन्द्र दुबे, देवेन्द्र तिवारी, रोमसिंह मंडलोई, जे.पी.यदु, कविता दुबे, प्रीति झा एवं शाहिदा कुरैशी का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति-चिह्न भेंटकर सम्मान किया गया। गुरुजनों ने अपने पूर्व छात्राध्यापकों से मिलकर प्रसन्नता व्यक्त की तथा सभी के उज्वल भविष्य की कामना की। समारोह में शामिल सभी साथियों के लिए भी विशेष स्मृति-चिह्न तैयार किए गए थे। स्मृति-चिह्न भेंटकर इस यादगार मिलन को और विशेष बनाया गया। वर्षों बाद मिले साथियों ने प्रशिक्षण काल के अनुभवों, पुरानी स्मृतियों और अपने वर्तमान जीवन से जुड़े प्रसंगों को साझा किया। हंसी-मजाक एवं आत्मीय संवाद के बीच सभी ने

**गुरुजनों का सम्मान और सहपाठियों की आत्मीय मुलाकात**

समारोह का भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम का सफल संचालन नंदकुमार साहू एवं एकलव्य साहू ने किया।

समारोह में पूरन लाल कोठारी, रश्मि वैष्णव, एकलव्य कुमार साहू, रूपेंद्र साहू, नंदकुमार साहू, मुकेश साहू, निरेंद्र नीलम साहू, विनय सिंह, भीमसेन तारम, कपिल राम साहू, शीतल राम सोनकर, पूर्णिमा चन्द्रवंशी, पूर्णिमा देवांगन, पूर्णिमा साहू, जितेंद्र कुमार साहू, देवबती टेकाम, दिलेश्वरी रावटे, योगेश्वरी नायक, प्रमिला यादव, निशा चौहान, पूर्णिमा पटेल, राधा सलामे, निर्मल कुमार दुबे, रानू साहू, यशोदा मंडावी, कमल कुमार साहू, नागेश्वर कुमार साहू, पुष्पा देवांगन, हेमलता श्याम कुंवर, धनेश्वरी साहू, अंशु यादव, घनाराम पटेल, सुनीता सिन्हा, खिलावन कृपाल, राही कोमा, सत्यप्रभा साहू, सुरेश कुमार देहारे, नीता अहीर, गुलाब मेश्राम, खिलेश्वरी चतुर्वेदी, राम लाल तारम, जयंत कुमार साहू, संतोषी कुपाल, सुनील कुमार सवाई, उमाशंकर साहू, मुकेश कुमार साहू, रामकुमारी देवांगन, नीलम सोनी, डुनिका भारती साहू, नितेश कुमार लोन्हारे, ज्योति प्रभा साव, जन्मेजय पड़ोटी, सरोज साहू, सुकालू राम मंडावी, गुमान सिंग देवहारे, हेमनाथ धनेन्द्र, बीरसिंह ठाकुर, देवानंद कंवर, कलिंदी ठाकुर, मीनाक्षी साहू, भूपेंद्र कुमार कंवर, अंजू देवांगन, उज्जवल कौशिक, सोमदत्त साहू, सकुन वारे, रूखमणी सिन्हा, सरिता लाऊत्रे, अन्नपूर्णा सिन्हा, अंजनी लेंझारे एवं वासुदेव टेकाम सहित अनेक साथीगण उपस्थित रहे। अंत में सभी ने भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को निरंतर आयोजित करने तथा आपसी स्नेह, सौहार्द और भाईचारे को बनाए रखने का संकल्प लिया। गुरुजनों के सम्मान, साथियों के मिलन, स्वादिष्ट भोजन और पुरानी स्मृतियों के संग यह स्नेह मिलन समारोह सभी के लिए अविस्मरणीय बन गया।

# डोंगरगढ़ तहसील साहू संघ की कार्यशाला संपन्न : मृत्यु भोज में कलेवा और शादी में चलित डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध का समर्थन



डोंगरगढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ एवं जिला साहू संघ राजनांदगांव के निर्देशानुसार डोंगरगढ़ तहसील साहू संघ द्वारा तहसील कार्यालय कर्मा भवन, अछोली में एक दिवसीय विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जिला प्रभारी खिलेश्वर साहू ने प्रदेश एवं जिला संगठन द्वारा पारित 17 सूत्रीय प्रस्तावों की बिंदुवार जानकारी दी। बैठक में सामाजिक कुरीतियों और अनावश्यक खर्चों पर रोक लगाने को लेकर गहन विचार-विमर्श किया गया। इनमें मृत्यु भोज में कलेवा पर पूर्णतः रोक, सादा भोजन व्यवस्था और शादी-ब्याह में चलित डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक सुधार प्रस्तावों का सभी पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से समर्थन किया।

**प्रदेश व जिला संघ के 17 प्रस्तावों पर हुई चर्चा, ग्राम स्तर तक जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय**

### घर-घर तक पहुंचाया जाएगा सामाजिक सुधार का संदेश

बैठक में तहसील पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों और सचिवों से सुझाव लिए गए। निर्णय लिया गया कि आने वाले समय में समाज के इन निर्णयों को प्रत्येक परिवार तक पहुंचाने के लिए सभी मंडलों, ग्राम इकाइयों और पार प्रमुखों के स्तर पर जागरूकता कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। बैठक में जिला न्याय प्रकोष्ठ के सह-संयोजक प्यार साहू, डोंगरगढ़ तहसील अध्यक्ष मदन मोहन साहू, तहसील उपाध्यक्ष अशोक साहू व आशीष साहू, सचिव ईश्वर साहू, कोषाध्यक्ष ज्ञानचंद साहू, संगठन सचिव नामदेव साहू, जिला पदाधिकारी गंगाधर साहू, न्याय प्रकोष्ठ संयोजक सुखचरण साहू, सचिव कुलदीप साहू उपस्थित थे। इसके साथ ही मुरमुंदा मंडल अध्यक्ष मरराखन साहू, डोंगरगढ़ मंडल अध्यक्ष बीरबल साहू, मुसरा मंडल अध्यक्ष पन्नालाल साहू, सहसपुर मंडल अध्यक्ष दीपचंद साहू, बेलगांव मंडल अध्यक्ष छबिलाल साहू, ढारा मंडल अध्यक्ष घनश्याम साहू सहित सभी मंडलों के सचिव एवं अन्य सामाजिक पदाधिकारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# वार्ड नं. 22 में स्थित पानी टंकी सहित समस्त सामग्री गायब



डोंगरगढ़ (दावा)। नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ अंतर्गत वार्ड नं. 22, ठेठवार पारा में नगर पालिका द्वारा जनहित में लोहा स्टैंड, पानी टंकी, केबल तार एवं स्विच बोर्ड लगाया गया था।

जो वर्तमान में मौके से गायब/हटा दिया गया है। फोटो में स्पष्ट दिख रहा है कि मौके पर केवल हैंडपंप का निचला हिस्सा बचा है, बाकी पूरा सेट गायब है और चारों तरफ गंदगी और पानी भरा हुआ है। इस संबंध में अनेक बिंदुओं पर जानकारी एवं कार्यवाही की मांग की गई है।


वार्डवासियों की मांग है कि, नगर पालिका अधिकारी उक्त स्थान पर लगी शासकीय संपत्ति - लोहा स्टैंड, पानी टंकी, केबल, स्विच बोर्ड वर्तमान में कहाँ पर है? उक्त शासकीय संपत्ति को किसके आदेश से, किस दिनांक को और क्यों इस स्थान से शिफ्ट / हटाया गया है? इसकी लिखित अनुमति की प्रति दी जाए। यदि बिना अनुमति के इसे हटाया गया है तो यह शासकीय संपत्ति को क्षति पहुंचाना एवं शासकीय संपत्ति की चोरी की श्रेणी में आता है। इस पर संबंधित के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई? उक्त संपत्ति को पुनः उसी स्थान पर कब तक लगाया जाएगा? क्योंकि मोहल्लेवासियों को पीने के पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। पालिका अधिकारी से निवेदन किया गया है कि उक्त मामले की जांच कर शासकीय संपत्ति को ढूंढ कर पुनः उसी स्थान पर स्थापित कराया जाए और दोषियों पर कार्यवाही की जाए।

**वार्डवासियों ने नगर पालिका अधिकारी से की शिकायत**

### नगर पालिका अधिकारी जांच कर दोषियों पर करें कार्रवाई - वार्ड पार्षद

वार्ड पार्षद राहुल यादव ने कहा है कि,बिना किसी प्रमाण के किसी व्यक्ति अथवा समिति को दोषी ठहराना उचित नहीं है। यदि किसी के पास टंकी के संबंध में कोई दस्तावेज, अन्य प्रमाण है, तो उसे प्रशासन/नगर पालिका के समक्ष प्रस्तुत किया जाए, ताकि मामले की सच्चाई सामने आ सके। पार्षद श्री यादव ने नगर पालिका अधिकारी से मांग की है कि उक्त मामले की जांच कर दोषियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई की जाए।

# स्वास्तिक जन समर्पण सेवा समिति ने रक्षाबंधन पर गौवंश को बांधे रेडियम बेल्ट



सिंघोला (दावा)। रक्षाबंधन के पावन पर्व पर सिंघोला स्वास्तिक जन समर्पण सेवा समिति की गौ रक्षक टीम ने एक अनुकरणीय और मानवीय पहल की। त्योहार के दिन जहां लोग एक-दूसरे को रक्षा सूत्र बांधकर सुरक्षा का वचन दे रहे थे। वहीं गौ रक्षकों ने सड़कों पर घूमने वाले बेसहारा गौवंश को रेडियम (रिफ्लेक्टिव) बेल्ट बांधकर उनकी रक्षा का संकल्प लिया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य रात के अंधेरे, बारिश और धुंध के दौरान होने वाले सड़क हादसों से गौवंश और वाहन चालकों दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। रेडियम बेल्ट पर वाहनों की लाइट पड़ते ही वह चमकने लगती है। जिससे वाहन चालकों को दूर से ही सड़क पर मवेशियों की मौजूदगी का पता चल जाता है। उल्लेखनीय है कि टीम द्वारा वर्ष 2025 में भी लगभग 80 से 85 गौवंशों को रेडियम बेल्ट पहनाए गए थे।

**सड़क हादसों से बचाव के लिए अनूठी पहल, ग्रामीणों को किया जागरूक**

### 8 संवेदनशील स्थानों पर स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग

सिंघोला क्षेत्र में आए दिन हो रही सड़क दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए समिति ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि मार्ग के 8 प्रमुख एवं संवेदनशील दुर्घटनाजन्य स्थानों पर तत्काल स्पीड ब्रेकर (गति अवरोधक) बनाए जाएं, ताकि तेज रफ्तार वाहनों पर अंकुश लग सके और हादसों में कमी आए। टीम प्रमुख गोपेंद्र कुमार साहू और सदस्यों ने ग्रामीणों व राहगीरों को सड़क सुरक्षा और गौ सेवा के प्रति जागरूक किया। उन्होंने पशुपालकों से अपील की कि वे अपने मवेशियों को सड़कों पर लावारिस न छोड़ें। साथ ही यदि रात में सड़क पर कोई बेजुबान घायल अवस्था में दिखे, तो तुरंत उसकी सहायता करें या गौ सेवा टीम को सूचित करें। गौ रक्षक टीम की इस नेक पहल की समूचे क्षेत्र में जमकर सराहना हो रही है।

# हायर सेकेण्डरी स्कूल में राष्ट्रीय खेल दिवस मना



डोंगरगांव (दावा)। नगर के शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में अतिथि के रूप में संस्था के वरिष्ठ व्याख्याता रमेश कुमार हिरवानी, मंजूषा सहारे, लीना धोटे, सहायक शिक्षक रश्मि श्रीवास्तव एवं संस्था के व्यायाम शिक्षक अनिल कुमार पटेल उपस्थित रहे। राष्ट्रीय खेल दिवस का शुभारंभ हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को याद कर और क्रीड़ा सामग्रियों का पूजन अर्चना कर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के उपस्थित सभी विद्यार्थियों को मेजर ध्यानचंद की डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाया गया। तत्पश्चात विद्यार्थियों के साथ मेजर ध्यानचंद और राष्ट्रीय खेल दिवस के विषय पर चर्चा परिचर्चा का किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्था के वरिष्ठ गणित व्याख्याता रमेश कुमार हिरवानी द्वारा कहा गया कि खेल के माध्यम से कम उम्र में बड़ी उपलब्धि हासिल की जा सकती है। विद्यार्थी जीवन में प्रत्येक विद्यार्थियों को कम से कम कोई ना कोई एक आउटडोर या इनडोर खेल खेलना चाहिए। संस्था के वरिष्ठ जीव विज्ञान व्याख्याता मंजूषा सहारे के द्वारा कहा गया कि प्रत्येक खेल में विज्ञान निहित है। किशोरावस्था में हार्मोनल संतुलन को बनाए रखने के लिए खेल के महत्व को समझाएं। वाणिज्य व्याख्याता लीना धोते द्वारा कहा गया कि करियर के दृष्टि से खेल के क्षेत्र में व्यापक संभावनाएं हैं, इसलिए खेल में रुचि रखने वाले विद्यार्थियों को अपना बेहतर प्रदर्शन करने के लिए कड़ी मेहनत करना चाहिए। रश्मि श्रीवास्तव ने विद्यार्थी जीवन में खेल एवं शिक्षा दोनों का ही विशेष महत्व बताया। विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को राष्ट्रीय खेल दिवस 2026 की बधाई एवं शुभकामनाएं देकर और प्रसाद वितरण कर राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन संस्था के प्राचार्य उमा हरिवंश के मार्गदर्शन एवं संस्था के व्यायाम शिक्षक अनिल कुमार पटेल के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न किया गया ।

## पहला कॉलम...

### भारत की रियल जीडीपी वृद्धि दर वित्त वर्ष 27 में 7-7.2 प्रतिशत रहने की उम्मीद

नई दिल्ली। भारत की रियल जीडीपी वृद्धि दर वित्त वर्ष 27 में 7-7.2 प्रतिशत के बीच रहने की उम्मीद है। इसे मजबूत घरेलू खपत और सरकार के पूंजीगत खर्च से समर्थन मिलेगा। यह जानकारी ईवाई की रिपोर्ट में दी गई। इस दौरान भारत की नॉमिनल जीडीपी वृद्धि दर 12.5-13 प्रतिशत के बीच रह सकती है।

रिपोर्ट में कहा गया कि भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं, कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और कमजोर ग्लोबल ट्रेड माहौल के बावजूद भारत के विकास का आउटलुक काफी मजबूत बना हुआ है। उम्मीद है कि मजबूत घरेलू आर्थिक गतिविधियों और लगातार सरकारी खर्च से साल भर ग्रोथ को सपोर्ट मिलेगा। ईवाई के अनुसार, भारत में औद्योगिक गतिविधियों में भी मजबूती के संकेत दिखे हैं। जून 2026 में इंडेक्स ऑफ इंडस्ट्रियल प्रोडक्शन (आईआईपी) में ग्रोथ बढ़कर 7.3 प्रतिशत हो गई, जो 23 महीनों में सबसे ज्यादा है। नतीजतन, वित्त वर्ष 27 की पहली तिमाही में औसत औद्योगिक वृद्धि बढ़कर 5.7 प्रतिशत हो गई, जो पिछले आठ तिमाही में सबसे ज्यादा है। इस सुधार में मैन्युफैक्चरिंग का अहम योगदान रहा, जून में इसका आउटपुट 7.8 प्रतिशत बढ़ा। इसमें इलेक्ट्रिकल इक्विपमेंट, मोटर वाहन, टेक्सटाइल और खाद्य उत्पाद भी बेहतर प्रदर्शन करने वाले सेक्टर में शामिल थे। हालांकि, कुछ हाई-फ्रीक्वेंसी इंडिकेटर बताते हैं कि विस्तार की रफ्तार धीमी हो सकती है। मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई जून के 54.2 से घटकर जुलाई में 53.5 हो गया, जबकि सर्विसेज पीएमआई 57.4 से तेजी से गिरकर 53.3 पर आ गया। इस सुस्ती के बावजूद, दोनों इंडेक्स 50 के निशान से ऊपर बने रहे, जिससे पता चलता है कि आर्थिक गतिविधियां बढ़ रही हैं।

### सपने के सच होने जैसा : जोकोविच पर जीत के बाद नावोने

न्यूयॉर्क। अर्जेंटीना के मारियानो नवोन ने सोमवार को न्यूयॉर्क के आर्थर ऐश स्टेडियम में स् ओपन 2026 के पुरुष सिंगल्स के पहले राउंड में 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच पर अपनी शानदार जीत पर रिएक्शन दिया। दुनिया के 49वें नंबर के खिलाड़ी ने पूर्व वर्ल्ड नंबर 1 के खिलाफ पांच सेट में 7-6(5), 5-7, 4-6, 6-2, 6-1 से कड़ी टक्कर के बाद जोकोविच की 25वीं मेजर की नई तलाश को खत्म कर दिया। 25 साल के अर्जेंटीना के खिलाड़ी, जोकोविच को अपने आइडल में से एक मानते हैं, ने कहा कि सर्ब महान खिलाड़ी का सामना करना एक सपने के सच होने जैसा था।

पहली बार जोकोविच का सामना करने के बारे में नवोन ने कहा, ÷यह अविश्वसनीय है। यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है।÷ ÷यह एक सपना सच होने जैसा है, मेरा मतलब है, सच में, 100 परसेंट। अब मुझे ठीक होना है। मुझे लगता है कि लगभग 12 बज गए हैं, इसलिए हमें सो जाना चाहिए। जोकोविच की सेहत की वजह से उन्हें दिक्कत हुई क्योंकि मैच के बीच में उन्होंने कई बार उल्टी की। वह पहला सेट टाई-ब्रेक में हार गए, लेकिन दूसरे और तीसरे सेट में वापसी की, क्योंकि तीसरे सेट में उन्हें उल्टी हो गई थी।

### सेंसेक्स और निफ्टी में 0.56 प्रतिशत तक की गिरावट

मुंबई। तेल की बढ़ती कीमतों और अमेरिका में ब्याज दरों में बढ़ोतरी की आशंकाओं के कारण जोखिम भावना कमजोर होने से हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को भारतीय शेयर बाजार गिरावट के साथ लाल निशान में खुला। इस बीच सेंसेक्स और निफ्टी50 में 0.40 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई।

30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स अपने पिछले बंद 77,264.51 से 133.78 अंक यानी 0.17 प्रतिशत गिरकर 77,130.73 पर खुला। वहीं शुरुआती कारोबार में यह 367.58 अंक यानी 0.47 प्रतिशत की गिरावट के साथ 76,896.93 के दिन के निचले स्तर पर पहुंच गया।

वहीं, एनएसई निफ्टी 50 अपने पिछले बंद 24,175.65 से मामूली 58.10 अंक यानी 0.24 प्रतिशत फिसलकर 24,117.55 पर खुला, हालांकि शुरुआती कारोबार में यह एक समय 137.25 अंक यानी 0.56 प्रतिशत गिरकर 24,038.40 के दिन के निचले स्तर पर पहुंच गया। हालांकि खबर लिखे जाने तक सुबह 9.30 बजे के आसपास सेंसेक्स करीब 311 अंक यानी 0.40 प्रतिशत की गिरावट के साथ 76,942 के स्तर पर ट्रेड करते हुए नजर आया। वहीं निफ्टी 50 113.65 (0.47 प्रतिशत) फिसलकर 24,062 के स्तर पर कारोबार करता नजर आया। व्यापक बाजार में, निफ्टी मिडकैप और निफ्टी स्मॉलकैप क्रमशः 0.53 प्रतिशत और 0.73 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। सेक्टरवार देखें तो, निफ्टी मेटल, निफ्टी आईटी, निफ्टी सीमेंट और निफ्टी मीडिया का प्रदर्शन कमजोर रहा, जबकि निफ्टी बैंक और निफ्टी प्राइवेट बैंक का प्रदर्शन बेहतर रहा।

# प्रीमियर लीग : फर्नांडीस की हैट्रिक, मैनचेस्टर यूनाइटेड ने इप्सविच को 5-2 से हराया




लंदन । मैनचेस्टर यूनाइटेड ने ओल्ड ट्रैफर्ड में प्रीमियर लीग मैच में इप्सविच टाउन को 5-2 से हराया। टीम की जीत के नायक ब्रूनो फर्नांडीस रहे, जिन्होंने तीन गोल किए। मैनचेस्टर यूनाइटेड इस मैच में पिछले सप्ताह हल सिटी के खिलाफ मिली अप्रत्याशित हार के बाद उतरी थी। इसलिए टीम पर अच्छा प्रदर्शन करने का दबाव था।

टीम के लिए हालात तब और मुश्किल हो गए, जब 24वें मिनट में लीफ डेविस ने गोल करके इप्सविच को बढ़त दिला दी। फर्नांडीस ने हाफ टाइम से पांच मिनट पहले स्कोर बराबर किया, और ब्रेक के 10 मिनट बाद हैरी मैगुइरे के हेडर से यूनाइटेड आगे हो गया। यह गोल इप्सविच के डिफेंडर जैकब ग्रीव्स से टकराकर गोल पोस्ट के अंदर गया। इसके तुरंत बाद फर्नांडीस ने पेनल्टी स्पॉट से अपना दूसरा गोल किया और 68वें मिनट में अपनी हैट्रिक पूरी की। ब्रायन म्बेउमो ने मैच खत्म होने से आठ मिनट पहले मैनचेस्टर यूनाइटेड के लिए पांचवां गोल किया, जबकि चुबा अकपोम ने स्टॉपेज टाइम में इप्सविच के लिए दूसरा गोल किया।

चेल्सी ने ब्राइटन के खिलाफ घरेलू मैदान पर 4-3 से जीत के साथ सीजन की अपनी दूसरी जीत हासिल की। रोमियो लाविया और पेड्रो नेटो ने शुरुआती 15 मिनट में ही चेल्सी को 2-0 से आगे कर दिया, और जोआओ पेड्रो ने 32वें मिनट में स्कोर 3-0 कर दिया, जिसके बाद मलिक याल्कोये ने मेहमान टीम के लिए एक गोल किया।

63वें मिनट में जोआओ पेड्रो के %ओन गोल% से स्कोर 3-2 हो गया, लेकिन 74वें मिनट में कोल पामर के गोल ने टीम की जीत पक्की कर दी। पास्कल ग्रॉस ने स्टॉपेज टाइम में ब्राइटन के लिए तीसरा गोल किया, लेकिन मेहमान टीम के लिए बराबरी करने में बहुत देर हो चुकी थी। डोमिनिक कैल्वर्ट-लेविन ने ब्रेंटफोर्ड के खिलाफ लीड्स यूनाइटेड के लिए एक अंक बचाया; उन्होंने केविन शेड के पहले हाफ में किए गए गोल की बराबरी की, जिससे इस सीजन में दो मैचों के बाद दोनों टीमें अजेय रहीं। सुंदरलैंड ने इस सीजन की अपनी पहली जीत दर्ज की। टीम को यह जीत विल्सन इसिडोर के 75वें मिनट में किए गए गोल की बदौलत मिली, जिससे फुलहम को हार का सामना करना पड़ा।

### पाकिस्तान के घटिया प्रदर्शन पर पूर्व कप्तान ने मोहसिन नकवी सहित PCB को जमकर लताड़ा



नई दिल्ली। इंग्लैंड दौरे पर गई पाकिस्तान टीम का हाल बुरा है। बाबर आजम के नेतृत्व वाली पाकिस्तान को लॉर्ड्स टेस्ट में मेजबान के हाथों 194 रन की करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा। इसी के साथ पाकिस्तान टीम तीन मैचों की सीरीज में 0-2 से पिछड़ गई है।

पाकिस्तान टीम की खराब प्रदर्शन के कारण जमकर आलोचना हो रही है। ब्रिटीश मीडिया ने इस पाकिस्तानी टीम को पिछले 50 साल की सबसे खराब पाकिस्तानी टीम करार दिया। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान राशिद लतीफ ने इस विश्लेषण पर सहमति जताई, लेकिन साथ ही कहा कि गाज सिर्फ खिलाड़ियों पर नहीं गिरनी चाहिए।

पूर्व पाकिस्तानी विकेटकीपर बल्लेबाज ने पीसीबी प्रशासन, चयन समिति और कोचिंग समिति पर भी उंगली उठाई और दावा किया कि टीम के खराब प्रदर्शन का जिम्मेदार बोर्ड भी है।

राशिद लतीफ ने जियो न्यूज से बातचीत में कहा, %हर कोई पाकिस्तान टीम के बारे में बात कर रहा है।

## भारत ने अमेरिका और चीन के साथ आर्थिक साझेदारी में संतुलन बनाया

नई दिल्ली। भारत ने 2026 के दौरान अमेरिका और चीन दोनों के साथ अपनी आर्थिक साझेदारी में संतुलन बनाने में सफलता हासिल की है। भारत ने 2025 में वॉशिंगटन के साथ बढ़े टैरिफ विवाद का बातचीत के जरिए समाधान किया है और 2020 के सीमा संघर्षों के बाद पहली बार चीनी पूंजी पर लगाए गए प्रतिबंधों में नियंत्रित तरीके से ढील दी है। यह जानकारी एक आर्टिकल में दी गई।

आर्टिकल के मुताबिक, 2 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फोन पर बातचीत के दौरान भारतीय वस्तुओं पर पारस्परिक टैरिफ को 25 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करने पर सहमति जताई। साथ ही, रूसी तेल की खरीद से जुड़ा अतिरिक्त 25 प्रतिशत दंडात्मक शुल्क भी पूरी तरह हटा दिया गया।

दोनों सरकारों ने सार्वजनिक रूप से दोहराया है कि टैरिफ पर अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के फैसले का भारत के साथ हुए इस समझौते पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

इसके बाद अमेरिका ने अलग से धारा 301 के तहत 10 प्रतिशत की ड्यूटी भी लगाई है। हालांकि, भारत के करीब 45 प्रतिशत निर्यात इसके दायरे से बाहर हैं। वहीं, क्वार्ट्ज सरफेस उत्पादों पर सेफगार्ड टैरिफ बढ़कर 55 प्रतिशत तक पहुंच गया है।

जियोपॉलिटिकल मॉनिटर में आलोक कुमार कनोजिया के लेख के अनुसार, कुल मिलाकर टैरिफ व्यवस्था एक साल पहले की तुलना में अब कम और अधिक पूर्वानुमान योग्य है।

दूसरी तरफ, 10 मार्च को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रेस नोट 3 में संशोधन किया। यह 2020 का वह नियम था, जिसके तहत भारत के साथ भूमि सीमा साझा करने वाले देशों से आने वाले सभी निवेश को अनिवार्य सरकारी मंजूरी की प्रक्रिया से गुजरना पड़ता था।

## डब्ल्यूटीसी प्वाइंट्स टेबल : लॉर्ड्स टेस्ट में जीत के साथ इंग्लैंड को हुआ एक पायदान का फायदा, पाकिस्तान की हालत खस्ता



नई दिल्ली। इंग्लैंड ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए दूसरे टेस्ट में पाकिस्तान को 194 रनों से हराया। इस जीत के साथ ही इंग्लैंड को वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) की प्वाइंट्स टेबल में भी फायदा पहुंचा है। इंग्लैंड ने लीड्स के बाद लॉर्ड्स के मैदान पर लगातार दूसरे टेस्ट मैच में शानदार जीत दर्ज की। इसके साथ ही इंग्लिश टीम ने डब्ल्यूटीसी की प्वाइंट्स टेबल में एक पायदान की छलांग लगाई है। इंग्लैंड का जीत प्रतिशत अब 34.44 हो गया है और टीम टेबल में अब छठे नंबर पर पहुंच गई है। इंग्लैंड टीम की जीत से श्रीलंका का नुकसान हुआ है और वह सातवें नंबर पर खिसक गई है। वहीं, पाकिस्तान टेबल में सबसे निचले पायदान पर है और टीम का जीत प्रतिशत महज 16.67 रह गया है। ऑस्ट्रेलिया की बादशाहत बरकरार है और टीम का जीत प्रतिशत 80 है। वहीं, साउथ अफ्रीका 75 के जीत प्रतिशत के साथ डब्ल्यूटीसी प्वाइंट्स टेबल में दूसरे नंबर पर काबिज है। न्यूजीलैंड 72.22 के जीत प्रतिशत के साथ तीसरे नंबर पर मौजूद है। बांग्लादेश 55.56 जीत प्रतिशत के साथ चौथे स्थान पर बरकरार है। भारतीय टीम 51.52 के जीत प्रतिशत के साथ पांचवें नंबर पर है।

दूसरे टेस्ट में इंग्लैंड का प्रदर्शन शानदार रहा। पहली पारी में 290 रन बनाने के बाद इंग्लिश गेंदबाजों ने पाकिस्तान की पूरी टीम को पहली इनिंग में सिर्फ 110 रनों पर समेटा। इसके बाद दूसरी पारी में इंग्लैंड ने 208 रन बनाकर पाकिस्तान के सामने जीत के लिए 389 रनों का लक्ष्य रखा। हालांकि, ओली रॉबिन्सन, जोफ्रा आर्चर और जोश टंग की शानदार गेंदबाजी के आगे पाकिस्तान के बल्लेबाजों ने दूसरी इनिंग में भी आसानी से घुटने टेक दिए और पूरी टीम 194 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। इस जीत के साथ इंग्लैंड ने तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त भी हासिल कर ली है। सीरीज का तीसरा और आखिरी टेस्ट मुकाबला 9 सितंबर से बर्मिंघम के एजबेस्टन क्रिकेट मैदान पर खेला जाना है।

# ला लीगा : रियल मैड्रिड ने मालागा को 4-0 से रौंदा, जूड बेलिंगहम बने जीत के नायक





मैड्रिड। रियल मैड्रिड ने 2026/27 सीजन के शुरुआती दौर में अपना शानदार रिकॉर्ड बनाए रखते हुए हाल ही में प्रमोट हुई टीम मालागा को 4-0 से हराया। रियल मैड्रिड की ओर से जूड बेलिंगहम जीत के नायक रहे, जिन्होंने एक गोल करने के साथ-साथ एक असिस्ट भी किया। बेलिंगहम ने मैच के 19वें मिनट में गोल करके रियल मैड्रिड की टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। इंग्लैंड के इस खिलाड़ी ने सात मिनट बाद दूसरे गोल में भी अहम भूमिका निभाई, जब मालागा के गोलकीपर अल्फोंसो हेरेरो से टकराकर गेंद नेट में चली गई। इसके बाद, आधे घंटे के खेल के दौरान ट्रेंट अलेक्जेंडर-अर्नोल्ड के बेहतरीन क्रॉस पर किलियन एम्बाप्पे ने सही जगह पर रहकर गोल किया और रियल मैड्रिड को 3-0 से आगे कर दिया। लगातार आठ दिनों में तीन मैच खेलने के बाद रियल मैड्रिड ने दूसरे हाफ में खेल की रफ्तार थोड़ी कम कर दी। फिर भी टीम ने मैच पर अपना नियंत्रण बनाए रखा। इंजरी टाइम (स्टॉपेज टाइम) में अर्दा गुलेर ने टीम के लिए मैच का चौथा गोल दागा। एथलेटिक क्लब ने सेल्टा विगो के खिलाफ उनके मैदान पर 2-0 से जीत हासिल कर एडिन टेरजिक के नेतृत्व में शानदार खेल दिखाते हुए अपनी पहली जीत दर्ज की। एलेक्स बेरेंग्वेर और रॉबर्ट नवारो ने पहले हाफ में गोल किए।

वेलेंसिया के लिए सीजन की मुश्किल शुरुआत जारी रही। टीम को डेपोर्टिवो ला कोरुना के मैदान पर 3-1 से हार का सामना करना पड़ा। मेहमान टीम ने सीजर टैरेगा और मौक्टर डायखाबी के जरिए दो %ओन गोल% करके अपनी मुश्किलें खुद बढ़ाईं। घरेलू टीम के लिए पियरे-एमरिक ऑबामेयांग ने शानदार व्यक्तिगत गोल किया।

वेलेंसिया का गोल 26वें मिनट में घरेलू टीम की रक्षात्मक गलती के बाद उमर सादिक ने किया, लेकिन बाकी समय में वे प्रतिद्वंद्वी टीम से काफी पीछे रहे। डेपोर्टिवो के लिए एकमात्र नकारात्मक बात स्टॉपेज टाइम में एड्रिल अल्टामिरा को दिखाया गया रेड कार्ड था। एटलेटिको मैड्रिड ने जूलियन अल्वारेज के बिना सेविला को उनके मैदान पर 3-1 से हराया, जबकि लेवांटे ने रियल बेटिस को घरेलू मैदान पर 5-2 से हराकर चौंकाया। वहीं, रियल सोसिदाद ने एस्पेनयोल पर घरेलू मैदान पर 2-1 से जीत हासिल की।

### वित्त मंत्री सीतारमण ने भारत को वैश्विक विनिर्माण और नवाचार केंद्र के रूप में विकसित करने पर दिया जोर



नई दिल्ली । केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को अमेरिकी बहुराष्ट्रीय कंपनी 3एम से भारत में अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी), उन्नत विनिर्माण और स्थानीय आपूर्ति शृंखला विकास में निवेश बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारत तेजी से प्रौद्योगिकी, नवाचार और वैश्विक विनिर्माण के एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में उभर रहा है और वैश्विक कंपनियों के लिए यहां व्यापक अवसर उपलब्ध हैं। वित्त मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण ने यह बात अमेरिका के नॉर्थ कैरोलिना के एशविल में आयोजित जी-20 वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक गवर्नरों की बैठक के दौरान 3एम के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) विलियम ब्राउन के साथ हुई बैठक में कही। यह मुलाकात बैठक के इतर आयोजित विभिन्न द्विपक्षीय कार्यक्रमों का हिस्सा थी। दोनों पक्षों के बीच हुई चर्चा का मुख्य विषय भारत में 3एम की भागीदारी को और मजबूत बनाना था।

### वैष्णव महिला समाज का सावन मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न



रायपुर। दुधाधारी मठ मंदिर, रायपुर में वैष्णव महिला समाज द्वारा सावन के पावन अवसर पर भव्य सावन मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज की महिलाओं ने बड़ी संख्या में उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। सावन के पारंपरिक रंग में रंगा यह आयोजन आपसी प्रेम, सौहार्द, संस्कृति और महिला एकजुटता का सुंदर उदाहरण बना।

समारोह के दौरान महिलाओं ने एक-दूसरे को सावन पर्व की शुभकामनाएं दीं और विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से कार्यक्रम का आनंद लिया। आयोजन में पारंपरिक परिधानों की विशेष झलक देखने को मिली, जिसने समारोह की सुंदरता में चार चांद लगा दिए। कार्यक्रम के दौरान गुड़िया वैष्णव ने आकर्षक छत्तीसगढ़ी परिधान में मनमोहक छत्तीसगढ़ी नृत्य की प्रस्तुति दी। उनकी शानदार प्रस्तुति ने उपस्थित महिलाओं का मन मोह लिया। नृत्य की प्रस्तुति पर महिलाओं ने तालियों के साथ उनका उत्साहवर्धन किया। समारोह को सफल एवं आकर्षक बनाने में यशोदा वैष्णव, रेनू वैष्णव, नीलिमा वैष्णव, कविता वैष्णव, आसा वैष्णव सहित समाज की अनेक महिलाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। वहीं नीलू वैष्णव, प्रीति वैष्णव, टिकेश्वरी वैष्णव, शिम्मी वैष्णव सहित समाज की अन्य बहनों ने भी कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई।

सावन मिलन समारोह के दौरान महिलाओं के बीच आत्मीय संवाद और पारिवारिक सौहार्द का वातावरण देखने को मिला। सभी ने मिलकर पारंपरिक उत्सव का आनंद लिया और सामाजिक एकता को मजबूत करने का संदेश दिया। वैष्णव महिला समाज द्वारा आयोजित यह सावन मिलन समारोह न केवल मनोरंजन और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति का अवसर रहा, बल्कि समाज की महिलाओं को एक-दूसरे से जुड़ने और अपनी परंपराओं एवं संस्कृति को आगे बढ़ाने का मंच भी प्रदान किया। बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति और उत्साह ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**ईरान ने भारत से लगाई युद्ध खत्म....**

ताकत और दृढ़ संकल्प के साथ जवाब देगा। उन्होंने कहा कि हम युद्ध की शुरुआत नहीं चाहते, लेकिन हमलावरों को करारा जवाब देंगे। उन्होंने क्षेत्र की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत का हवाला देते हुए शांति, सुरक्षा और आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर भी बल दिया।

**छत्तीसगढ़ बीजेपी को मिल सकता है...**

नाम पर चर्चा के पीछे ओबीसी समीकरण को भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। साहू समाज का प्रदेश की राजनीति में प्रभाव है। ऐसे में भाजपा संगठन की जिम्मेदारी उन्हें देकर सामाजिक समीकरण को साधने की कोशिश कर सकती है। भाजपा बस्तर और सरगुजा में मजबूत मानी जाती है, जबकि बिलासपुर संभाग में संगठन को और मजबूत करने की गुंजाइश है। तोखन साहू के अध्यक्ष बनने से पार्टी को इस क्षेत्र में अपना जनाधार बढ़ाने का लाभ मिल सकता है। फिलहाल, पांचों नामों को लेकर चर्चाएं हैं, लेकिन अंतिम फैसला केंद्रीय नेतृत्व के हाथ में है। पार्टी की ओर से औपचारिक घोषणा होने के बाद ही तस्वीर साफ होगी। छत्तीसगढ़ भाजपा की ओर से जारी सूची के मुताबिक युवा मोर्चे की जिम्मेदारी वैभव बैस को सौंपी गई है। वहीं महिला मोर्चे का प्रभारी सुभाष तिवारी को बनाया गया है। किसान मोर्चे की जिम्मेदारी पूनम चंद्राकर को दी गई है। इसके अलावा पिछड़ा वर्ग मोर्चे का प्रभारी लखनलाल साहू, अनुसूचित जनजाति मोर्चे का प्रभारी शिरिष अग्रवाल और अनुसूचित जाति मोर्चे की जिम्मेदारी डॉ. गुलाब टिकरिहा को सौंपी गई है। वहीं अल्पसंख्यक मोर्चे का प्रभारी मनोज जैन को नियुक्त किया गया है।

**प्रयागराज एयरफोर्स स्टेशन के....**

किया है। गिरफ्तारी के लिए 4 टीमें बनी हैं। डीएम अमित पाल शर्मा ने कहा, दोषियों पर सख्त कार्रवाई होगी। संपत्ति भी कुर्क की जाएगी। सीएम योगी ने मुआवजे का ऐलान किया। घायलों को 50-50 हजार और मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख दिए जाएंगे। केशव मौर्य ने प्रयागराज के SRN अस्पताल पहुंचकर घायलों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि एक ही परिवार के कई लोगों की मौत बेहद दुखद और हृदयविदारक है। सरकार की पहली प्राथमिकता घायलों की जान बचाना है। उनके इलाज में किसी तरह की कमी नहीं होने दी जाएगी। मामले में छ्रूऔर स्क्कको जांच के निर्देश दिए गए हैं। जो भी जिम्मेदार पाया जाएगा, उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

**सीएम साय का बड़ा बयान: कहा....**

के बल पर निर्दोष लोगों की जान लेने वाला व्यक्ति किसी समाज का आदर्श नहीं हो सकता। नक्सली हिंसा के कारण बस्तर ने हजारों निर्दोष नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और सुरक्षाबलों के जवानों को खोया है। उन्होंने कहा कि अनेक परिवारों ने अपने लोगों को खोया, बच्चों से उनके माता-पिता छिने और विकास की संभावनाएं दशकों तक प्रभावित हुईं। ऐसे में हिंसा के लिए जिम्मेदार लोगों का गुणगान करना पीड़ित परिवारों और शहीद जवानों के बलिदान का भी अपमान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नक्सलवाद की चुनौती सिर्फ बंदूक और जंगल तक सीमित नहीं है। हिंसा को सही ठहराने, लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रति अविश्वास पैदा करने और हिंसा के जिम्मेदार लोगों को नायक के रूप में स्थापित करने वाली सोच भी उतनी ही चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में हर व्यक्ति को अपनी बात रखने और असहमति व्यक्त करने का अधिकार है, लेकिन हिंसा का समर्थन और निर्दोषों की हत्या करने वालों का महिमामंडन किसी सभ्य समाज में स्वीकार्य नहीं हो सकता।

**दिल्ली में बस में 16 साल की छात्रा से गैंगरेप....**

और कंडक्टर संदीप को तिमारपुर की एक बस पार्किंग से गिरफ्तार किया। घटना में इस्तेमाल स्लीपर बस को भी जब्त किया गया। बस की फोरेंसिक जांच की जा रही है। 0 14 साल पहले दिल्ली में निर्भया कांड हुआ था, चलती बस में गैंगरेप हुआ था: 16 दिसंबर 2012 की रात दिल्ली में 23 साल की युवती के साथ चलती बस में गैंगरेप किया गया। उसके प्राइवेट पार्ट में सरिया डाला गया था। गंभीर चोटों के चलते युवती को सिंगापुर रेफर किया गया, जहां 29 दिसंबर को अस्पताल में मौत हो गई। मामले में दिल्ली समेत पूरे देश में विरोध प्रदर्शन हुआ। मीडिया में इसे निर्भया केस नाम दिया गया। मामले में 6 लोग आरोपी बनाए गए थे। एक आरोपी नाबालिग था, एक आरोपी ने जेल में सुसाइड कर लिया था। चार दोषियों मुकेश सिंह, पवन गुप्ता, विनय शर्मा और अक्षय कुमार सिंह को मौत की सजा सुनाई गई। चारों को 20 मार्च 2020 को दिल्ली की तिहाड़ जेल में फांसी दी गई।

**नेपाल-तिब्बत में बाढ़ से मौत का आंकड़ा....**

रिपोर्ट ईमेल से नेपाल पुलिस को भेजने को कहा गया है। नेपाल में बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 939 हो गई है। इससे पहले जारी आंकड़ों में मृतकों की संख्या 903 बताई गई थी। वहीं, लापता लोगों की संख्या में 300 से ज्यादा की कमी आई है। नेपाल की आपदा प्रबंधन एजेंसी के मुताबिक, अब 3,925 लोग लापता हैं। इससे पहले यह संख्या 4,247 थी। नेपाल में फ्लैश फ्लड के बाद बचाव अभियान के साथ-साथ मृतकों का अंतिम संस्कार भी शुरू हो गया है। देश के अलग-अलग हिस्सों में बरामद शवों को उनके परिजनों को सौंपा जा रहा है। हालांकि, बड़ी संख्या में शवों की अब तक पहचान नहीं हो पाई है।

**छत्तीसगढ़ में महत्वपूर्ण खनिज....**

वैनेडियम एवं गैलियम तथा अन्य क्षेत्रों में निकेल और क्रोमियम सहित विभिन्न महत्वपूर्ण खनिजों की संभावनाएं हैं। पिछले ढाई वर्षों में प्रदेश में 40 एक्सप्लोरेशन प्रोजेक्ट शुरू किए गए हैं और 2,800 किलोमीटर से अधिक जियोलॉजिकल सर्वे पूरा किया गया है। रोड शो के दौरान मुख्यमंत्री साय ने ई-रेत संगवारी पोर्टल और टिन पोर्टल का शुभारंभ किया। ई-रेत संगवारी के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को रियायती दर पर रेत उपलब्ध कराने की व्यवस्था आसान और पारदर्शी होगी। वहीं, दंतेवाड़ा में टिन से जुड़े आदिवासी परिवारों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने और खरीद-बिक्री की व्यवस्था को पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से टिन पोर्टल शुरू किया गया है। कार्यक्रम में खनिज क्षेत्र में वित्तीय सहयोग तथा कोरन्डम कटिंग-पॉलिशिंग प्रशिक्षण के लिए एमओयू भी किए गए। केंद्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने कहा कि महत्वपूर्ण एवं रणनीतिक खनिजों में आत्मनिर्भरता भारत की आर्थिक और सामरिक शक्ति के लिए आवश्यक है। उन्होंने निवेशकों, युवाओं और स्टार्टअप्स से इस क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाने का आह्वान किया। उन्होंने सतत एवं जिम्मेदार खनन के साथ पर्यावरण संरक्षण और स्थानीय समुदायों के हितों को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि खनिज ब्लॉक्स की नीलामी का वास्तविक लाभ अन्वेषण, निवेश, प्रोसेसिंग, वैल्यू एडिशन और रोजगार के रूप में दिखाई देना चाहिए। उन्होंने खनन क्षेत्रों में आवास, परिवहन, पेयजल, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी नागरिक सुविधाओं के सुनियोजित विकास पर भी जोर दिया। भारत सरकार के खान मंत्रालय के सचिव केशव चंद्र ने बताया कि देश में अब तक 88 क्रिटिकल एवं स्ट्रेटेजिक मिनरल ब्लॉक्स की नीलामी प्रक्रिया शुरू की गई है, जिनमें 56 ब्लॉक्स की सफलतापूर्वक नीलामी हो चुकी है। उन्होंने बताया कि भारत के पहले लिथियम युक्त खनिज ब्लॉक की नीलामी छत्तीसगढ़ के कटघोरा लिथियम एवं रेयर अर्थ एलिमेंट ब्लॉक से हुई। उन्होंने कहा कि नीलामी प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और निवेशक अनुकूल बनाने के लिए समयबद्ध स्वीकृतियों, माइलस्टोन आधारित अनुपालन और यूनिफाइड माइनिंग पोर्टल सहित कई सुधार किए गए हैं।

# पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय खैरागढ़ से नेत्रदान जनजागरण अभियान की शुरुआत, विद्यार्थियों ने दिया 'नेत्रदान-जीवनदान' का संदेश

खैरागढ़ (दावा)। 41वें नेत्रदान पखवाड़े का शुभारंभ उत्साह एवं जनजागरूकता के वातावरण में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय खैरागढ़ से किया गया। कलेक्टर एवं अध्यक्ष, जिला राष्ट्रीय दृष्टिहीनता एवं अल्पदृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आशीष शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य जिले में नेत्रदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा दृष्टिबाधित व्यक्तियों के जीवन में रोशनी लाने के लिए आमजन को प्रेरित करना है।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य अंजय कुमार एवं जिला नोडल अधिकारी डॉ. साधना दुबे द्वारा मां सरस्वती के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों का नेत्र परीक्षण किया गया तथा उन्हें नेत्र स्वास्थ्य एवं नेत्रदान के महत्व की जानकारी दी गई।



खैरागढ़ छुईखदान गंडई जिले में 41 वें नेत्रदान पखवाड़े का शुभारंभ

### विद्यार्थियों ने संभाली जागरूकता की कमान

नेत्रदान पखवाड़े के शुभारंभ अवसर पर विद्यार्थियों ने आकर्षक पोस्टर, स्लोगन एवं मानव नेत्र की आकृतियों के माध्यम से 'मरणोपरांत नेत्रदान, किसी के जीवन में उजाला' का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने नेत्रदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने, भ्रांतियों को दूर करने तथा अधिक से अधिक लोगों को मरणोपरांत नेत्रदान के लिए प्रेरित करने की सार्थक पहल की। विद्यार्थियों की इस प्रेरणादायक पहल से प्रभावित होकर उपस्थित शिक्षकों ने भी मरणोपरांत नेत्रदान का संकल्प लिया।

### नेत्रदान क्यों जरूरी है?

जिला नोडल अधिकारी ने नेत्रदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि मरणोपरांत नेत्रदान से किसी दृष्टिबाधित व्यक्ति के जीवन में दृष्टि का उजाला लाने में मदद मिल सकती है। उन्होंने नेत्रदान क्यों आवश्यक है। नेत्रदान कब और कैसे किया जा सकता है तथा आवश्यकता पड़ने पर सहायता कहां से प्राप्त की जा सकती है। इस संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे नेत्रदान का संदेश अपने परिवार एवं समुदाय तक पहुंचाकर इस पुनीत कार्य को जनआंदोलन बनाने में अपनी भूमिका निभाएं।

### विद्यार्थियों को मिलेंगे नि:शुल्क चश्मे

जिला सहायक नोडल अधिकारी दुर्गेश नंदिनी श्रीवास्तव ने जानकारी दी कि नेत्र परीक्षण के दौरान दृष्टिदोष से चिन्हित सभी छात्र-छात्राओं को आवश्यक जांच के उपरांत जिला दृष्टिहीनता नियंत्रण समिति, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के माध्यम से निर्धारित नंबर के चश्मे नि:शुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे। इस पहल से विद्यार्थियों में दृष्टि संबंधी समस्याओं की समय पर पहचान एवं उपचार सुनिश्चित करने के साथ-साथ उनकी पढ़ाई और दैनिक गतिविधियों में भी सकारात्मक सुधार लाने में मदद मिलेगी।

# जेएनवी डोंगरगढ़ में राष्ट्रीय खेल दिवस पर उमड़ा उत्साह, 160 छात्रों ने दिखाया दम



डोंगरगढ़ (दावा)। जवाहर नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन अत्यंत उत्साह और उमंग के साथ किया गया।

इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के भीतर खेल भावना, अनुशासन, टीम वर्क और स्वस्थ जीवन शैली के प्रति जागरूकता पैदा करना रहा।

### भाषण में दिया सर्वांगीण विकास का संदेश

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की छात्रा आस्था वर्मा और छात्र कामेंद्र ने राष्ट्रीय खेल दिवस के महत्व पर अपनी बात रखी। उन्होंने सारगर्भित भाषण के जरिए खेलों के जीवन में योगदान को रेखांकित किया और साथी विद्यार्थियों को नियमित खेल गतिविधियों से जुड़कर अपने व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करने के लिए प्रेरित किया।

### होनहार खिलाड़ियों का बढ़ा मान

खेल क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 160 से अधिक प्रतिभागियों और खिलाड़ियों को मंच पर सम्मानित किया गया। उपप्राचार्य संजय कुमार मंडल और व्याख्याता जानकी उइके ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर उनका हौसला बढ़ाया। कार्यक्रम में खेल प्रशिक्षक अनुपमा रावत, रवामिनी और ओडिशा फेडरेशन ऑफ इंडिया की कोच मानव की गरिमामयी मौजूदगी रही। उनके प्रेरक विचारों से छात्रों को खेल के मैदान में आगे बढ़ने का नया प्रोत्साहन मिला। मंच संचालन और आभार समारोह का प्रभावी मंच संचालन उमा देवी धुर्वे ने किया। इस दौरान विद्यालय के समस्त शिक्षक और कर्मचारी मौजूद रहे। जिन्होंने बच्चों की प्रतिभा को सराहा। कार्यक्रम के समापन पर अनिल कुमार पाल ने आभार एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

# जातिगत जनगणना में पारदर्शिता जरूरी : गलत तरीके से दर्ज आंकड़े ओबीसी के अधिकारों को कर सकते हैं प्रभावित - विष्णु लोधी

डोंगरगढ़ (दावा)। आगामी जातिगत जनगणना को लेकर छत्तीसगढ़ लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव विष्णु लोधी ने केंद्र सरकार से जातिगत आंकड़े दर्ज करने की प्रक्रिया में तत्काल सुधार और पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग की है। विष्णु लोधी ने कहा कि जातिगत जनगणना केवल संख्या जुटाने की सामान्य प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह देश के करोड़ों पिछड़े, वंचित और सामाजिक रूप से उपेक्षित वर्गों के भविष्य, संवैधानिक अधिकारों और सामाजिक न्याय से जुड़ा अत्यंत संवेदनशील विषय है। उन्होंने आशंका व्यक्त की कि यदि एक ही जाति के नाम स्थानीय बोलचाल के नामों, उपजातियों अथवा अलग-अलग वर्तनी (स्पेलिंग) के आधार पर दर्ज हो गए, तो वास्तविक आबादी का सही व सटीक आकलन गंभीर रूप से प्रभावित हो सकता है।


उपजातियों व अलग वर्तनी के कारण वास्तविक आबादी का आकलन बिगड़ने की जताई आशंका

### मानकीकृत नाम व कोडिंग व्यवस्था हो लागू

विष्णु लोधी ने केंद्र सरकार से मांग की है कि जाति दर्ज करने के मौजूदा प्रारूप की गहन समीक्षा की जाए। इसके लिए प्रमाणित जाति सूची, मानकीकृत नाम और स्पष्ट कोडिंग व्यवस्था लागू की जानी चाहिए, जिससे लोधी समाज सहित देश के समस्त पिछड़े वर्गों की वास्तविक सामाजिक और जनसांख्यिकीय स्थिति स्पष्ट रूप से सामने आ सके तथा उसी आधार पर विकास व कल्याण की प्रभावी नीतियां बनाई जा सकें।

# वक्ताओं ने कहा- एक बेटी की सफलता, पूरे समाज की सफलता है, शिक्षा को बनाएं सबसे मजबूत हथियार

खैरागढ़ (दावा)। राजकुमारी इंदिराकला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ के परिसर क्रमांक-1 में 'फिट इंडिया अभियान' के अंतर्गत 'एक घंटा खेल के मैदान में' तथा राष्ट्रीय खेल दिवस 2026 के अवसर पर तीन दिवसीय खेल महोत्सव का शुभारंभ हुआ। 28 से 30 अगस्त तक आयोजित इस खेल महोत्सव में विद्यार्थियों के लिए दौड़, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, स्पून रेस, बैडमिंटन और कबड्डी सहित विभिन्न खेलकूद गतिविधियों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है।

यह आयोजन भारतीय हॉकी के महान खिलाड़ी एवं 'हॉकी के जादूगर' मेजर ध्यानचंद को समर्पित है। खेल महोत्सव का उद्घाटन 28 अगस्त को विश्वविद्यालय की कुलपति माननीय प्रो.(डॉ.) लवली शर्मा ने किया। आयोजन विश्वविद्यालय के खेल प्रभारी डॉ. रबि नारायण गुप्ता की देखरेख में संपन्न हो रहा है। उद्घाटन अवसर पर कुलपति प्रो. (डॉ.) लवली शर्मा के नेतृत्व में विश्वविद्यालय परिसर में खेल जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से विद्यार्थियों एवं विश्वविद्यालय समुदाय को नियमित खेलकूद, शारीरिक सक्रियता और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक किया गया। इसके पश्चात खेल मैदान में उपस्थित शिक्षकों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों ने नियमित रूप से खेलकूद को जीवन का हिस्सा बनाने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की सामूहिक शपथ ली। खेल महोत्सव के उद्घाटन दिवस का प्रमुख आकर्षण 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता रही। महिला एवं पुरुष वर्ग में आयोजित इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह, उमंग और खेल भावना के साथ भाग लिया। प्रतिभागियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। प्रतियोगिता के समापन पर महिला एवं पुरुष वर्ग में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों की घोषणा की गई। कार्यक्रम में डॉ. नमन दत्त विभागाध्यक्ष गायन विभाग, डॉ. लीकेश्वर वर्मा सहायक प्राध्यापक गायन तथा अतिथि व्याख्याता डॉ. उमेश नेताम, शोधार्थी निहारिका, मधुष्मिता एवं जयपाल सहित विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। तीन दिवसीय यह खेल महोत्सव विद्यार्थियों में खेल के प्रति रुचि विकसित करने के साथ-साथ शारीरिक स्वास्थ्य, अनुशासन, टीम भावना और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल के रूप में आयोजित किया जा रहा है।



राष्ट्रीय खेल दिवस पर तीन दिवसीय खेल महोत्सव का आगाज, कुलपति के नेतृत्व में निकली खेल जागरूकता रैली, 100 मीटर दौड़ में विद्यार्थियों ने दिखाया उत्साह

# भोजली प्रतियोगिता में दिखा महिलाओं का उत्साह, पारंपरिक गीत-संगीत के बीच हुआ विसर्जन

खैरागढ़ (दावा)। रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर ग्राम बढ़ाईटोला में पारंपरिक भोजली प्रतियोगिता का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। भाइयों को रक्षासूत्र बांधने के बाद दोपहर करीब 1 बजे प्रतियोगिता की शुरुआत हुई। गांव की माताओं एवं बहनों ने अपने-अपने घरों में श्रद्धा और पारंपरिक विधि से तैयार की गई भोजली को लेकर अवंती चौक पहुंचकर सजाया। इसके बाद गांव के प्रमुख लोगों सहित करीब 5 से 7 सदस्यों की समिति ने भोजली का निरीक्षण एवं मूल्यांकन किया। मूल्यांकन के आधार पर प्रथम से पंचम स्थान तक चयनित प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में गांव की करीब 50 से 60 माताओं-बहनों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।

भोजली प्रतियोगिता के साथ महिलाओं के लिए मटकी फोड़ प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पूरे आयोजन के दौरान गांव में उत्साह और खुशियों का माहौल बना रहा। भोजली को लेकर महिलाएं पारंपरिक सुवा गीत गाते हुए अवंती चौक से विसर्जन स्थल तक पहुंचीं। इस दौरान 'अवंती बाई की जय' के जयकारों से माहौल गूंज उठा। तालाब-सरोवर में पारंपरिक गीतों के साथ भोजली का विसर्जन किया गया। महिलाओं ने सुवा नृत्य की प्रस्तुति देकर लोक परंपरा और संस्कृति की सुंदर झलक भी पेश की।


मटकी फोड़ प्रतियोगिता ने बढ़ाया उत्साह, गीतों पर थिरकीं महिलाएं

### पुरस्कार वितरण के साथ हुआ आयोजन का समापन

भोजली प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ एवं पंचम स्थान प्राप्त करने वाली प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। आयोजन में महिलाओं की बड़ी भागीदारी ने गांव की लोक परंपराओं के प्रति उनके उत्साह को प्रदर्शित किया। रक्षाबंधन के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम ने जहां भाई-बहन के प्रेम और पारिवारिक रिश्तों की मिठास को मजबूत किया। वहीं भोजली गीत, नृत्य, प्रतियोगिता और विसर्जन के माध्यम से ग्रामीण लोक संस्कृति और पारंपरिक विरासत को जीवंत बनाए रखने का संदेश भी दिया। पूरे आयोजन में माताओं-बहनों की सक्रिय भागीदारी और उत्साह विशेष आकर्षण का केंद्र रहा।

# अभा सांस्कृतिक विकास महासंघ : वरिष्ठ पत्रकार अमित गौतम बने छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष

राजनांदगांव (दावा)। अखिल भारतीय सांस्कृतिक विकास महासंघ (पंजीयन क्र. 618/07-08) के राष्ट्रीय अध्यक्ष तपन कुमार घोष (झारखंड) ने छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी अमित गौतम को संगठन का छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। उल्लेखनीय है कि अमित गौतम वर्तमान में छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट वेलफेयर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष, मासिक पत्रिका 'कर्तव्य पथ' के प्रधान संपादक, ब्राह्मण उत्थान सभा के प्रदेश महासचिव तथा 'न्यूज 21' के स्टेट कोऑर्डिनेटर के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।


राष्ट्रीय अध्यक्ष तपन कुमार घोष ने 5 राज्यों के अध्यक्षों की घोषणा की, 1 माह में कार्यकारिणी गठन के निर्देश

### 5 राज्यों के प्रदेश अध्यक्षों की घोषणा

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने छत्तीसगढ़ के साथ-साथ अन्य चार प्रमुख राज्यों के प्रदेश अध्यक्षों की भी घोषणा की है। जिसमें छत्तीसगढ़ से अमित गौतम (वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी), मध्य प्रदेश से पं. दामोदर राव (प्रसिद्ध गायक एवं संगीतकार, भोपाल), उत्तर प्रदेश से धर्मेंद्र कुमार (सांस्कृतिक प्रेमी, प्रयागराज), महाराष्ट्र से अनिल कुमार शिंदे (फिल्मकार एवं सांस्कृतिक कर्मी, विरार) एवं बिहार से राहुल विश्वकर्मा (नृत्य प्रशिक्षक एवं कलाकार, पटना सिटी) आदि है। राष्ट्रीय कार्यसमिति ने सभी नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्षों को बधाई देते हुए निर्देशित किया है कि वे आगामी एक माह के भीतर अपने-अपने राज्यों में प्रांतीय महासंघ व कार्यकारिणी का गठन कर राष्ट्रीय कार्यालय को अवगत कराएं। पांचों राज्यों के अध्यक्षों की नियुक्ति पर राष्ट्रीय सचिव प्रशांत कुमार, बिरसा लोहरा, अधिवक्ता अमित भगत, किशोर ठाकुर सहित छत्तीसगढ़ से अर्जुन झा, महेश आचार्य, पी.के. तिवारी, तिलका साहू, कन्हैया गोयल, सुशील तिवारी, मनीष तिवारी, रूपेश श्रीवास, बलराज नायडू, अनिल शुक्ला और समस्त शुभचिंतकों ने बधाई प्रेषित कर उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की है।

# विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा ग्राम गेंड्रा आयोजित राधा-कृष्ण मूर्ति स्थापना कार्यक्रम में हुई शामिल



खैरागढ़ (दावा)। राधा कृष्ण मूर्ति स्थापना ग्राम गेंड्रा (मालुद) में आयोजित समारोह में शामिल हुए विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा।। भव्य राधा-कृष्ण मूर्ति स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में क्षेत्र की लोकप्रिय विधायक श्रीमती यशोदा नीलांबर वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं।

कार्यक्रम के दौरान उन्होंने विधि-विधान और पूर्ण भक्ति भाव के साथ पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणजन और श्रद्धालु उपस्थित रहे मूर्ति स्थापना के इस धार्मिक अनुष्ठान से पूरे क्षेत्र में भक्तिमय और उल्लासपूर्ण वातावरण बना हुआ है। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, पंचायत प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में महिलाएँ एवं युवा उपस्थित रहे।

# मातृ वंदना व मिनीमाता महतारी जतन योजना बनी बच्चों के पोषण का संबल, उमेश्वरी को मिली 51 हजार की सहायता

राजनांदगांव (दावा)। शासन की जनकल्याणकारी योजनाएं जरूरतमंद परिवारों के लिए आर्थिक संबल प्रदान करने के साथ ही माताओं एवं बच्चों के बेहतर पोषण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम पंचायत खैरझिटी निवासी श्रीमती उमेश्वरी जांगड़े के परिवार के लिए प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना एवं मिनीमाता महतारी जतन योजना आर्थिक सहयोग का मजबूत माध्यम बनी हैं। दोनों योजनाओं के तहत उन्हें कुल 51 हजार रूपए की आर्थिक सहायता प्राप्त हुई है। योजना का लाभ मिलने पर श्रीमती उमेश्वरी जांगड़े ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया है।

श्रीमती उमेश्वरी जांगड़े ने बताया कि उनके प्रथम पुत्र दुशांत जांगड़े के जन्म के पश्चात उन्हें प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना एवं मिनीमाता महतारी जतन योजना का लाभ प्राप्त हुआ। इसी प्रकार उनकी द्वितीय संतान पुत्री भावना जांगड़े के जन्म पर भी उन्हें दोनों योजनाओं का लाभ मिला। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना एवं श्रम विभाग से प्राप्त सहायता राशि एक ही दिन उनके बैंक खाते में जमा हुई, जिससे परिवार को काफी आर्थिक सहारा मिला। उन्होंने बताया कि शासन से प्राप्त आर्थिक सहायता का उपयोग उन्होंने अपने तथा बच्चों के पोषण एवं आवश्यक जरूरतों को पूरा करने में किया। योजनाओं से मिली राशि के कारण बच्चों के पोषण पर विशेष ध्यान देने में उन्हें मदद मिली। उन्होंने बताया कि आज उनके दोनों बच्चे स्वस्थ एवं सुपोषित हैं। श्रीमती उमेश्वरी ने कहा कि गर्भावस्था एवं बच्चों के जन्म के समय मिलने वाली आर्थिक सहायता से माताओं एवं बच्चों की देखभाल में आसानी होती है तथा परिवार पर आर्थिक बोझ भी कम होता है। श्रीमती उमेश्वरी जांगड़े ने कहा कि शासन की योजनाओं से मिली सहायता उनके परिवार के लिए काफी उपयोगी साबित हुई है। उन्होंने महिलाओं एवं बच्चों के हित में संचालित योजनाओं के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।


दो बच्चों के जन्म पर मिली आर्थिक मदद से सुपोषित हुए नौनिहाल, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का जताया आभार

उल्लेखनीय है कि गर्भवती एवं शिशुवती माताओं तथा नवजात बच्चों के पोषण एवं देखभाल को ध्यान में रखते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग तथा श्रम विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत प्रथम बच्चे के जन्म पर 5 हजार रूपए तथा द्वितीय संतान के रूप में बालिका के जन्म पर 6 हजार रूपए की सहायता राशि प्रदान की जाती है। वहीं श्रम विभाग द्वारा संचालित मिनीमाता महतारी जतन योजना के अंतर्गत पंजीकृत श्रमिक महिला को प्रथम दो प्रसव के लिए 20 हजार रूपए की सहयोग राशि प्रदान की जाती है। इन योजनाओं से मिलने वाली आर्थिक सहायता माताओं एवं बच्चों के पोषण तथा परिवार की आवश्यकताओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण सहारा बन रही है।

# राहुल गांधी के विरुद्ध एफआईआर के विरोध में कांग्रेस का पैदल मार्च



**शहर व ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी के संयुक्त आयोजन में कार्यकर्ताओं ने जताया कड़ा विरोध; संवैधानिक संस्थाओं के दुरुपयोग का लगाया आरोप**

**राजनांदगांव (दावा)।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के विरुद्ध उत्तराखंड पुलिस द्वारा दर्ज एफआईआर के विरोध में सोमवार को शहर एवं ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में पैदल मार्च निकाला गया। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर आयोजित मार्च में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। पैदल मार्च शाम 5.30 बजे जयस्तंभ चौक से शुरू हुआ। कांग्रेसजन मानव मंदिर चौक, सिनेमा लाइन और जूनी हटरी होते हुए वापस जयस्तंभ चौक पहुंचे, जहां मार्च का समापन हुआ। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के विरुद्ध दर्ज एफआईआर को दुर्भावनापूर्ण बताते हुए विरोध दर्ज कराया तथा सामाजिक न्याय और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा की मांग उठाई।

शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने कहा कि विपक्ष की आवाज को दबाने के लिए संवैधानिक संस्थाओं का इस्तेमाल लोकतंत्र के लिए चिंता का विषय है। राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष के रूप में जनहित और सामाजिक न्याय से जुड़े मुद्दे उठा रहे हैं। किसी भी शिकायत की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए, राजनीतिक दुर्भावना से कार्रवाई नहीं।

ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विपिन यादव ने कहा कि संविधान और लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा कांग्रेस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। विपक्ष के नेताओं के विरुद्ध राजनीतिक दबाव में कार्रवाई करने के बजाय कानून के अनुसार निष्पक्ष प्रक्रिया अपनाई जानी चाहिए। कांग्रेस लोकतांत्रिक तरीके से इसका विरोध जारी रखेगी।

पैदल मार्च में शहर एवं ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी के विपिन यादव, जितेन्द्र मुदलियार, धनेश पाटिला, हर्षिता गोस्वामी बघेल, श्रीमति छन्नी चंदू साहू, श्रीकिशन खंडेलवाल, कुतुबुद्दीन सोलंकी, कुलबीर छाबड़ा, संतोष पिल्ले, डॉ. थानेश्वर पाटिला, मेहुल मारू, आफताब आलम, कमलजीत सिंह पिंटू, इकरामुद्दीन सोलंकी, रईस अहमद खान, शरद खंडेलवाल, राकेश जोशी, मामराज अग्रवाल, सूर्यकांत जैन, प्रेम रूचंदानी, अशोक पंजवानी, मनीष साहू, अशोक फडणवीस, झम्मन देवांगन, लक्ष्मण साहू, रोहित चंद्राकर, राजा तिवारी, रमेश डाकलिया, विष्णु लोधी, हेमंत वैष्णव, राहुल तिवारी, पंकज बांधव, अनीश ख़ान, हेमू सोनी, केदार यादव, अमित अग्रवाल, पंचराम चंदेल, रोहित चंद्राकर, रज्जू जॉन, असगर बेग, विशु आजमानी, संदीप सोनी, बबलू कसार, ललित कुमरे, विनोद बंटी यादव, सुरेंद्र देवांगन, सागर ताम्रकर, सुरेश सिन्हा, मुकेश चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ठेकेदारी और मनमाने आबंटन का आरोप लगाकर जनपद उपाध्यक्ष को हटाने की तैयारी

**0 बीस में से 18 सदस्यों ने कलेक्टर के पास प्रस्तुत किया अविश्वास प्रस्ताव का आवेदन**

**0 जनपद उपाध्यक्ष मनीष साहू को हटाने पक्ष-विपक्ष दोनों लामबंद, प्रस्ताव में अध्यक्ष के हस्ताक्षर ने चौंकाया**




डोंगरगांव (दावा)। बीते एक दशक के बाद जनपद पंचायत डोंगरगांव में भाजपा मुश्किल से सत्तासीन हो पाई है, लेकिन यह खुशियां साल भर में ही काफूर होने की स्थिति में है। यहां भाजपा समर्थित जनपद उपाध्यक्ष तथा कद्दावर नेता मनीष साहू को पद से हटाने पक्ष-विपक्ष दोनों ही लामबंद हो गए हैं। श्री साहू के प्रति अविश्वास जताते हुए बीस सदस्यीय जनपद सभा के अट्ठारह सदस्यों ने सोमवार को अविश्वास की सूचना में हस्ताक्षर कर सूचना पत्र कलेक्टर को प्रस्तुत कर दिया है। अब देखना यह है कि विहित प्रधिकारी कलेक्टर इस मामले में क्या और कब तक निर्णय देते हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि इस अविश्वास प्रस्ताव में अध्यक्ष रंजीता पटौती सहित शेष सभी भाजपा समर्थित सदस्यों के हस्ताक्षर हैं, जबकि मात्र दो जिनमें उपाध्यक्ष मनीष साहू और एक मात्र सदस्य जयातिमेश साहू के हस्ताक्षर नहीं हैं।

### ठेकेदारी और मद के आबंटन में मनमानी का लगाया आरोप

सोमवार को कलेक्टर एवं विहित प्रधिकारी राजनांदगांव को सौंपे आवेदन में अविश्ववास प्रस्ताव में उपाध्यक्ष श्री साहू पर शासन द्वारा स्वीकृत धर्मस्थ विभाग के निर्माण कार्यों को ग्राम पंचायत के सरपंचों पर दबाव देकर ठेकेदारी करना तथा पंद्रहवें वित्त आयोग में जनपद पंचायत के प्राप्त अंश को अपने क्षेत्र में अधिक तथा बंदरबांट एवं आबंटित जलाशयों में अनियमितता सहित शिक्षा समिति के प्रस्ताव को सामान्य सभा में नहीं रखने सहित सदस्यों के साथ पक्षपात एवं अभद्रतापूर्ण व्यवहार को आधार बनाया है। इस मामले में दोनों ही दल अब एक होकर उपाध्यक्ष को हटाने का मन बना लिया है। बता दें कि पहले भी जनपद में खटपट की खबरें लगातार आते रही हैं। वहीं अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के मध्य मतभेद अब खुलकर सामने आ गया है। ऐसे में यह प्रस्ताव कब तक पटल पर आयेगा यह विहित प्राधिकारी कलेक्टर को तय करना है। बता दें कि बीस सदस्यीय डोंगरगांव जनपद पंचायत में 13 सदस्य भाजपा समर्थित हैं जबकि शेष 7 कांग्रेस के हैं। वहीं भाजपा के 13 में से 11 अविश्वास के पक्ष में अभी दिखाई दे रहे हैं, हालाकि भविष्य में क्या होगा यह अभी अस्पष्ट है।

### गुटबाजी का नतीजा है या वर्चस्व की लड़ाई

बता दें कि जनपद चुनाव के कुछ दिनों के बाद से ही जनपद में गहमागहमी तथा आपसी मनमुटाव की खबरें आती रही हैं। वहीं निर्माण कार्यों में ठेकेदारी तथा फंड के आबंटन में मनमानी का आरोप सत्ता पक्ष में ही एक दूसरे को लगाते रहे हैं। इनमें अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के बीच लकीर पहले ही खींच गई थी। वहीं बात करें गुटबाजी की तो भाजपा के सभी सदस्यों के मध्य गुटबाजी थी तथा अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के आशीर्वादकों की भूमिका भी शून्य नजर आ रही है। जो अपने कार्यकर्ताओं को संभाल नहीं पा रहे हैं। वहीं भाजपा पाटी कैसे डेमेज कंट्रोल करती है, यह अब उनका अंदरूनी मामला है, परन्तु इस अविश्वास प्रस्ताव के सार्वजनिक होने के बाद भाजपा की बंद मुट्ठी अब साफ खुली दिखायी दे रही है। जिसे कांग्रेस समर्थित सदस्य अब लपकने की तैयारी में हैं।

इस मामले में जनपद पंचायत अध्यक्ष रंजीता पटौती से उनका पक्ष जानने के लिए दूरभाष से संपर्क करने का प्रयास किया गया किन्तु उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया. वहीं जनपद पंचायत उपाध्यक्ष मनीष साहू ने इस पूरे मामले से अनभिज्ञता जाहिर की और उन्होंने कहा कि किसी भी सदस्य को उनसे शिकायत थी, तो पहले उनसे बात किया जाना चाहिए था।

# श्रीदासी श्यामप्रभु की 27वीं जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा, गरबा और भजनों की धुन पर झूमे श्रद्धालु



राजनांदगांव (दावा)। श्रीदासीश्यामप्रभु की 27वीं जयंती महोत्सव के दूसरे दिन शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। श्रीश्यामकुटी से शाम 6 बजे निकली शोभायात्रा में श्वेत वस्त्र धारण किए बच्चे, महिलाएं और पुरुष टोलियों के रूप में गुरु वंदना व भजनों की धुन पर थिरकते नजर आए। मनोहारी रथ पर विराजमान गुरुमां की शोभायात्रा का नगरवासियों ने जगह-जगह आरती उतारकर व पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। स्टेशन पारा और शक्तिधाम पहुंचने पर भव्य आतिशबाजी की गई। बारिश के बावजूद भक्तों का उत्साह कम नहीं हुआ और शक्तिधाम पहुंचकर श्रद्धालुओं ने जमकर रास-गरबा किया। इसके पश्चात भक्तों को विशेष प्रसाद वितरित किया गया।

### जिंदगी की लहरें कभी शांत नहीं होंगी, जवानी से ही करें प्रभु भजन : श्री राम देवानंद त्यागी

श्रीश्यामकुटी सत्संग हॉल में हरिद्वार के अखंड परम धाम से पधारे श्रीरामदेवानंद जी त्यागी ने प्रेरक प्रवचन दिया। उन्होंने समुद्र की लहरों का दृष्टांत देते हुए कहा कि जिस प्रकार समुद्र में लहरें कभी समाप्त नहीं होतीं, उसी प्रकार सांसारिक जिम्मेदारियों से कभी फुर्सत नहीं मिलेगी। जीवन क्षणभंगुर है, इसलिए भजन के लिए बुढ़ापे का इंतजार किए बिना बचपन और जवानी से ही ईश्वर साधना में लीन होना चाहिए।

### किंकर अनुरागकृष्ण शास्त्री का हुआ आगमन

देश के चारों धामों और प्रमुख तीर्थों में कथा व्यास के रूप में ख्याति प्राप्त भागवत किंकर श्री अनुरागकृष्ण शास्त्री जी का जयंती समारोह में शामिल होने शहर आगमन हो चुका है। संस्कारधानी राजनांदगांव उनका ननिहाल भी रहा है। जहां वे प्रतिवर्ष गुरुमां के चरणों में हाजिरी लगाने पहुंचते हैं। जयंती के पावन अवसर पर 1 सितंबर को प्रातः आरती के बाद श्रद्धालु अखंड ज्योत ग्रहण करेंगे। इसके उपरांत स्टेशन पारा स्थित शक्तिधाम में रात 9 से सुबह 6 बजे तक अखंड संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा। जिसमें देश-विदेश से पहुंचे श्रद्धालु भाग लेंगे।

# भंडारी-भरदा से आमगांव मुख्य मार्ग बदहाल, हादसों का अंदेशा

**सड़क पर बने जानलेवा गड्ढे, छात्र, राहगीर और किसान आवागमन में हो रहे परेशान**

*राजेश मेश्राम*

जोंधरा (दावा)। भंडारी-भरदा से लेकर आमगांव तक का मुख्य संपर्क मार्ग लंबे समय से पूरी तरह जर्जर और खस्ताहाल हो चुका है। सड़क की गिट्टियां उखड़ चुकी हैं और बारिश के चलते मार्ग पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। गड्ढों में जलभराव होने से स्कूली विद्यार्थियों और राहगीरों को आवागमन में भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। दोपहिया व चारपहिया वाहन चालकों के लिए इस मार्ग से गुजरना जोखिम भरा हो गया है, जिससे कभी भी कोई गंभीर सड़क दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। इसके अलावा धान खरीदी के सीजन में किसानों को धान उपार्जन केंद्र (सोसायटी) तक अपनी उपज ले जाने में भारी दिक्कतों से जूझना पड़ता है। क्षेत्रवासियों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि नागरिकों की समस्याओं और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इस जर्जर मार्ग की तत्काल मरम्मत कराई जाए, ताकि आवागमन सुगम और सुरक्षित हो सके।

# नदियों का संरक्षण मुख्यमंत्री की भागीरथी पहल : डॉ.डी.सी. जैन



**'स्रोतमहोत्सव 2026' से होगा प्रदेश की नदियों का कायाकल्प, पांच स्तंभों पर आधारित योजना की सराहना**

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ की नदियों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा शुरू की गई 'स्रोतमहोत्सव 2026' योजना की तुलना श्री शिवनाथ क्षेत्रीय विकास समिति के अध्यक्ष डॉ. डी. सी. जैन ने राजा भगीरथ की तपस्या से की है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार भगीरथ गंगा को धरती पर लाए थे। उसी प्रकार मुख्यमंत्री का यह प्रयास नदियों के पुनरुद्धार की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम सिद्ध होगा। डॉ. जैन ने विश्वास व्यक्त किया कि शासन द्वारा निर्धारित पाँच स्तंभों– मानचित्रण, संरक्षण, पुनर्हरण, जनभागीदारी और ठोस कार्ययोजना के पूर्ण क्रियान्वयन से प्रदेश की नदियों का कायाकल्प होगा तथा तटीय शहरों और गांवों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित होगा।

### अटल जी के विजन का किया स्मरण

डॉ. जैन ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के नदी जोड़ो अभियान और गंगा प्रदूषण मुक्ति संकल्प का उल्लेख करते हुए कहा कि आज देश भर में नदियों के अतिक्रमण और उपेक्षा के कारण जलस्त्रोतों का अस्तित्व संकट में है। ऐसे समय में छत्तीसगढ़ सरकार का यह कदम अत्यंत सामयिक और सराहनीय है।

### शिवनाथ संरक्षण के लिए समिति के 30 वर्षों के प्रयास

डॉ. जैन ने बताया कि उनकी समिति पिछले 30 वर्षों से जीवनदायिनी शिवनाथ नदी के उद्गम स्थल से लेकर संगम शिवरीनारायण तक संरक्षण एवं तटीय विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के सहयोग से वर्ष 2010 और 2015 में चलाए गए शिवनाथ बचाओ अभियान के तहत गाद व अतिक्रमण हटाने से मोहारा एनीकट की जल संग्रहण क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई थी। इसके अलावा मोहड़ एनीकट, उच्चस्तरीय पुल, मोहारा मेला स्थल पर घाट व तटबंध निर्माण तथा पूर्व सांसद अभिषेक सिंह के प्रयासों से मोहारा मेले का 3 दिवसीय विस्तार हुआ।

### लक्ष्मण झूला और उद्गम स्थल सौंदर्यीकरण की योजना

समिति की मांग पर भंवरमरा ऑक्सीजोन को मेला स्थल से जोड़ने के लिए लक्ष्मण झूला निर्माण की विस्तृत योजना को बजट में शामिल किया जा चुका है। वहीं शिवनाथ नदी के उद्गम स्थल (ढोढरी पर्वत) के विकास एवं सौंदर्यीकरण के लिए छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा द्वारा महाराष्ट्र शासन को पत्र प्रेषित किया गया है। इन दोनों परियोजनाओं के धरातल पर उतरने से शिवनाथ तट और उद्गम स्थल का पर्यटन महत्व और अधिक बढ़ेगा।

दैनिक दावा
मासिक बिल
माह- अगस्त 2026

| प्रति दिन | दर | राशि |
|---|---|---|
| 29 दिन | 4 रु. प्रति | 116/- |
| 2 दिन | अवकाश | |
| | योग | 116 रु. |

व्यवस्थापक

# पंडित प्रदीप मिश्रा के बयान पर आदिवासी आस्था पर ठेस



**छत्तीसगढ़ में भड़का आक्रोश, राज्यपाल से हस्तक्षेप की मांग**

**डोंगरगढ़ (दावा)।** प्रसिद्ध कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के एक हालिया बयान ने छत्तीसगढ़ के धार्मिक और सामाजिक ताने-बाने में नया विवाद खड़ा कर दिया है। अखिल भारतीय आदिवासी ध्रुव गोंड समाज महासभा (ओंडारबांध) ने शिव महापुराण कथा के दौरान दाई बम्लाई (मां बमलेश्वरी) के नामकरण को लेकर की गई टिप्पणी पर तीखा आक्रोश व्यक्त किया है। समाज ने इसे अपनी सदियों पुरानी परंपराओं और आस्था पर सीधा प्रहार बताते हुए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के माध्यम से महामहिम राज्यपाल को एक कड़ा ज्ञापन सौंपा है।

### विवाद की मुख्य वजह- डमरू की ध्वनि बनाम जनजातीय इतिहास

सौंपे गए आधिकारिक ज्ञापन के अनुसार, पंडित प्रदीप मिश्रा ने अपनी कथा में दावा किया था कि 'भगवान शिव के डमरू से उत्पन्न 'बम' की ध्वनि के कारण माता का नाम 'बम्लेश्वरी' पड़ा है। 'आदिवासी समाज ने इस दावे को पूरी तरह काल्पनिक और ऐतिहासिक तथ्यों से परे बताते हुए खारिज कर दिया है। समाज का कहना है कि इस तरह के मनगढ़ंत तर्कों से स्थानीय जनजातीय संस्कृति और इतिहास को मिटाने की कोशिश की जा रही है, जिससे पूरे समाज की धार्मिक भावनाएं अत्यंत आहत हुई हैं।

### दाई बम्लाई है पुरातन नाम, समाज के पास हैं पुख्ता प्रमाण

गोंड समाज के प्रमुख पदाधिकारियों ने जोर देकर कहा कि डोंगरगढ़ की अधिष्ठात्री देवी का वास्तविक और पुरातन नाम 'दाई बम्लाई' है। इस ऐतिहासिक सत्य के पक्ष में समाज के पास ठोस दस्तावेजी और पारंपरिक प्रमाण मौजूद हैं। समाज ने साफ किया कि पूर्व में भी मंदिर ट्रस्ट द्वारा मूल नाम बदलकर 'माँ बम्लेश्वरी' करने का विरोध होता रहा है, और अब पौराणिक कथाओं की आड़ में इस नए दावे ने आग में घी डालने का काम किया है।

### उग्र आंदोलन की चेतावनी

आदिवासी ध्रुव गोंड समाज ने शासन और प्रशासन के सामने बेहद गंभीर मांगें रखी हैं। मामले की तत्काल प्रशासनिक जांच हो और पंडित प्रदीप मिश्रा को अपने बयान पर सार्वजनिक खंडन व स्पष्टीकरण देने के लिए विवश किया जाए। आदिवासी संस्कृति और धार्मिक इतिहास के साथ खिलवाड़ करने वालों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए।ज्ञापन में स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि यदि समाज की भावनाओं का सम्मान करते हुए त्वरित कार्रवाई नहीं हुई, तो समाज सड़कों पर उतरकर लोकतांत्रिक और उग्र आंदोलन के लिए मजबूर होगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। यह ज्ञापन अखिल भारतीय आदिवासी ध्रुव गोंड समाज की आधिकारिक सील और पदाधिकारियों के हस्ताक्षरों के साथ सीधे प्रशासनिक अधिकारियों को सुपुर्द किया गया है। क्षेत्र में इस मुद्दे को लेकर लगातार तनाव और सुगबुगाहट बढ़ती जा रही है। ज्ञापन देने वाले में अखिल भारतीय ध्रुव गोंड महासभा ओढ़ारबांध के अध्यक्ष मदन नेताम, संचालक रमेश उईके, मदन खुरशायम, सह संचालक राजेश्वर ध्रुव, मायाराम मंडलोई, महामंत्री लादूराम तुमरेकी, सचिव थनवार मंडावी, चंद्रशेखर मंडलोई अध्यक्ष छुरिया, गुमान नेताम, प्यारेलाल सलामें, नंदलाल कोहकोटा, घोटिया सरपंच संजय उईके, तेजराम छेदईया, जोगीराम कुमरे, विनोद कुमार मंडावी सहित ध्रुव गोंड समाज के लोग अधिक संख्या उपस्थित रहे।

# गौरीनगर अंडरब्रिज हादसे में जान गंवाने वाले मृतक के परिवार से मिले महापौर मधुसूदन

**दिवंगत संतोष सोनवानी को दी श्रद्धांजलि, पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का दिया भरोसा**





**जनसुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता, नागरिकों की सुरक्षा के लिये हर आवश्यक कदम उठायेंगे - महापौर**

राजनांदगांव (दावा)। गौरीनगर रेलवे अंडरब्रिज में दो दिन पूर्व हुए दर्दनाक हादसे में डूबकर जान गंवाने वाले 40 वर्षीय संतोष सोनवानी के परिजनों से मिलने महापौर मधुसूदन यादव उनके निवास पहुंचे। महापौर ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोकाकुल परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं और इस कठिन समय में हर संभव प्रशासनिक व व्यक्तिगत सहायता का आश्वासन दिया। इस दौरान महापौर के साथ वार्ड पार्षद संजू बघेल, स्थानीय जनप्रतिनिधि अशोक निर्मलकर, सोनू यादव, दिनेश देवांगन, रघुबीर वाधवा, रामलाल गायकवाड़, विनोद गायकवाड़ सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

शोक संतप्त परिवार से मुलाकात के बाद महापौर ने घटना को बेहद गंभीर बताते हुए संबंधित अधिकारियों को पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने के निर्देश दिए, ताकि वास्तविक कारणों का पता लगाकर भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके। इसके साथ ही उन्होंने अंडरब्रिज में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करने और आगामी दिसंबर-जनवरी तक निर्माण कार्य पूर्ण कराने के लिए रेलवे अधिकारियों को पत्र लिखकर आवश्यक कदम उठाने को कहा है। महापौर ने दोहराया कि जनसुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और नागरिकों की हिफाजत के लिए कोई कोताही नहीं बरती जाएगी।

# साढ़े 6 वर्षों का कार्यकाल अविस्मरणीय : डॉ. उषा किरण बड़ाईक



**संयुक्त संचालक डॉ. उषा किरण बड़ाईक को दी भावभीनी विदाई**

राजनांदगांव (दावा)। संयुक्त संचालक जनसंपर्क डॉ. उषा किरण बड़ाईक का जिला जनसंपर्क कार्यालय राजनांदगांव से जनसंपर्क संचालनालय नवा रायपुर स्थानांतरण होने पर जिला जनसंपर्क कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर अधिकारी-कर्मचारियों ने डॉ. बड़ाईक की उत्कृष्ट कार्यशैली, सौम्य, सरल, मधुर एवं आत्मीय व्यवहार की प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

संयुक्त संचालक जनसंपर्क डॉ. उषा किरण बड़ाईक ने कहा कि राजनांदगांव जिले में लगभग साढ़े 6 वर्षों तक कार्य करने का अवसर मिला। यह कार्यकाल उनके जीवन के अविस्मरणीय पलों में से एक रहा। उन्होंने कहा कि शासकीय दायित्वों के निर्वहन के दौरान जिला जनसंपर्क कार्यालय के सभी अधिकारी-कर्मचारियों का निरंतर सहयोग प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि जनसंपर्क विभाग शासन की योजनाओं एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों को आम जनता तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसके लिए टीम भावना के साथ कार्य करना आवश्यक है। संयुक्त संचालक डॉ. उषा किरण बड़ाईक ने अधिकारी-कर्मचारियों को इसी तरह मेहनत, लगन एवं समर्पण के साथ कार्य करते हुए अपने कौशल को अपग्रेड करने और कार्यालयीन दायित्वों का बेहतर ढंग से निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जिला जनसंपर्क कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारियों ने डॉ. उषा किरण बड़ाईक के साथ कार्य करने के अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि डॉ. उषा किरण बड़ाईक के नेतृत्व में कार्य करने का अवसर मिला और उनकी कार्यशैली एवं व्यवहार से बहुत कुछ सीखने को मिला। अधिकारी-कर्मचारियों ने आशा व्यक्त किया कि नवीन दायित्वों में भी उनका स्नेह एवं मार्गदर्शन मिलता रहेगा। अधिकारी-कर्मचारियों ने डॉ. उषा किरण बड़ाईक को जनसंपर्क संचालनालय, नवा रायपुर में नवीन दायित्व के लिए शुभकामनाएं देते हुए स्वस्थ, सुखद, सफल एवं मंगलमय भविष्य की कामना की। इस अवसर पर सहायक सूचना अधिकारी प्रवीण रंगारी सहित भूपेन्द्र साहू, देवाशीष झा, शिव साहू, पुरुषोत्तम देवांगन, हिमांशु साहू एवं लेखराम साहू उपस्थित थे।

### हीरालाल यादव का निधन



डोंगरगढ़ (दावा)। पेंशनर्स एसोसिएशन डोंगरगढ़ के वरिष्ठ सेवानिवृत्त शिक्षक 83 वर्षीय हीरालाल यादव का सतलोक गमन हो गया। निज निवास स्टेशन रोड़ परमार बाड़ा के पास से अन्तिम संस्कार के लिए शव यात्रा निकाली गई।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक भाई बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देव बाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक भाई बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631, e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com